www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

देशबन्धु

वर्ष – 8 I अंक–180 I सागर, शुक्रवार, 18 अगस्त 2023 I पृष्ठ –8 I मूल्य – 3.00 रुपए

छतरपुर से ललिता यादव और महाराजपुर से कामाख्या होंगे उम्मीदवार पृष्ठ 3

- 2024 के चुनावों को लेकर बड़ी दुविधा में है कांग्रेस
- उठ रही है वृहदनागालिम की मांग पृष्ठ 4

- युवती ने दर्ज कराई शिकायत, 10 लाख रुपए सहित जमीन अपने नाम कराने डाला दबाब पृष्ठ 6

मंत्री भूपेंद्र सिंह ने स्व पं. कृष्णचंद्र शर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया पृष्ठ 8

सार-समाचार

विपक्षी दलों के नेताओं से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं था

पटना, एजेंसी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को दिल्ली से वापस पटना लौट गए। यहां लौटने के बाद उन्होंने कहा कि उनका दिल्ली में विपक्षी दलों के नेताओं से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं था।

नीतीश कुमार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कुछ निजी कार्य से वे दिल्ली गए थे। उन्होंने कहा कि उनका विपक्षी नेताओं से मुलाकात का कोई कार्यक्रम था ही नहीं। बुधवार को नीतीश जब दिल्ली गये थे तब कहा गया था कि वे वहां अरविंद केजरीवाल के अलावा कांग्रेस नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद गुरुवार को नीतीश वापस पटना लौट गए। नीतीश कुमार ने बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि स्थल पर जाकर श्रद्धांजलि दी थी।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल के बिहार की स्थिति पाकिस्तान से बदतर संबंधित बयान पर जब मुख्यमंत्री से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कहां आपराधिक घटना घट रही है। कितना कम है अपराध यहां। जरा फीगर देख लीजिये। बहुत कम है अपराध। उन्होंने कहा कि कोई बिना मतलब का बोलता रहता है, क्योंकि मीडिया में वही चलता है जो वो लोग बोलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी बातचीत विपक्षी नेताओं से होती रहती है। वे जब फोन करते हैं तो बात होती ही है। ऐसा थोड़े ही है कि कांग्रेस के नेताओं से बात नहीं होती।

कांग्रेस ने गठबंधन की रक्षा के लिए तमिलनाडु को छोड़ा पानी

बेंगलुरु, एजेंसी। पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने गुरुवार को तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ने पर सिद्धारमैया सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि यह कर्नाटक के किसानों के हितों की कीमत पर इंडिया गठबंधन के लिए ऐसा किया गया है।

कुमारस्वामी ने सोशल मीडिया पर कहा, 'कांग्रेस ने मेकेदातु पदयात्रा का नाटक किया और कर्नाटक के लोगों को बेवकूफ बनाया। अब, पार्टी ने राज्य के हितों की बलि चढ़ाकर कर्नाटक और कन्नडिगा के किसानों के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात किया है और इंडिया गठबंधन की खातिर कावेरी नदी से पानी छोड़ा है ।' कुमारस्वामी ने तंज कसा, 'अपर्याप्त बारिश के कारण जलाशय नहीं भरे हैं। राज्य के किसानों की फसलों के लिए पानी नहीं है। बेंगलुरु शहर गंभीर पेयजल समस्या का सामना कर रहा है।

उमर अब्दुल्ला को अनुच्छेद 370 की बहाली की उम्मीद

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि हालांकि न्यायिक प्रक्रिया लंबी है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ अनुच्छेद 370 मुद्दे पर सुनवाई करेगी और इसे पुनर्स्थापित करेगी।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए लड़ने के लिए एनसी ने कुछ अन्य राजनीतिक दलों की तरह वकीलों को भी शामिल किया है क्योंकि एनसी की दलील है कि इसे निरस्त करना असंवैधानिक था। मीडिया से बात करते हुए उमर ने कहा, हम लड़ रहे हैं और हमें न्याय मिलने की उम्मीद है।

नीरज बवाना गैंग के 2 सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नीरज बवाना गैंग के दो प्रमुख सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

दोनों राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास दर्ज हत्या और मारपीट समेत कई आपराधिक मामलों में शामिल थे। गिरफ्तार सदस्यों की पहचान मोहित (29) और नितिन (28) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, मोहित सिंडिकेट के सबसे महत्वपूर्ण सदस्यों में से एक है और गैंग को हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति करता रहा है।

101 महिला अधिवक्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश से लगाई गुहार

नफरती भाषण, वीडियो बंद करने का दें निर्देश

चिन्हित कर संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली उच्च न्यायालय महिला लॉयर्स फोरम ने नूंह हिंसा के बाद भय का माहौल पैदा कर रहे नफरती भाषण और वीडियो पर प्रतिबंध लगाने के लिए हरियाणा सरकार को निर्देश देने की उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ से गुहार लगाई है। महिला अधिवक्ताओं ने एक पत्र याचिका के माध्यम से हरियाणा सरकार को नफरत फैलाने वाले वीडियो को चिन्हित कर संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश देने की गुहार लगाई है। याचिका पर 101 महिला अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर हैं, जिसमें उन वीडियो को चिन्हित करने और प्रतिबंध लगाने की गुहार लगाई गई है। ऐसे वीडियो पर प्रतिबंध

लगाने की गुहार लगाई गई है जो कथित तौर पर किसी भी समुदाय, पूजा स्थलों को नुकसान पहुंचाने या आर्थिक बहिष्कार का आग्रह करने की धमकी देते हैं।

याचिका में कहा गया है कि उन्होंने महिला, मां और न्यायालय के कामकाज से जुड़े होने के नाते हम सांप्रदायिक सद्भाव, कानून के शासन और जिम्मेदारी की भावना के प्रति एक मजबूत प्रतिबद्धता महसूस करते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि हरियाणा के नूंह क्षेत्र में हुई हालिया घटनाओं के मद्देनजर सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वाले भाषण और लक्षित हिंसा भड़काने वाले वीडियो सामने आने से गंभीर चिंता पैदा हो गई है, जो समाज में शांति और सद्भाव को बाधित कर रहे हैं।

महिला वकीलों ने अपनी पत्र याचिका में कहा, हम, दिल्ली और गुड़गांव में रहने वाले कानूनी समुदाय और दिल्ली उच्च न्यायालय महिला वकील फोरम के सदस्यों के रूप में इस पत्र याचिका के माध्यम से आपके संज्ञान में इस तथ्य को लाने के लिए आपके आधिपत्य से संपर्क किया है कि नफरत भरे भाषण वाले वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। याचिका में उच्चतम न्यायालय की ओर से बार-बार जारी किए गए निर्देशों का उल्लंघन करते हुए नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकने के लिए निर्देश देने की गुहार लगाई गई है।

मुख्य अंतरिक्ष यान से अलग हुआ विक्रम लैंडर

चंद्रयान-3 का अहम पड़ाव पूरा

चेन्नई, एजेंसी। चंद्रमा को फतह करने निकले चंद्रयान-3 ने गुरूवार को अपने मिशन का एक और बेहद अहम पड़ाव पार कर लिया जिसमें विक्रम लैंडर मॉड्यूल, प्रॉपल्शन मॉड्यूल से सफलतापूर्वक अलग होकर आगे की यात्रा पर रवाना हो गया है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधन संगठन (इसरो) के अनुसार अब लैंडर रोवर को लेकर आगे की यात्रा अकेले तय करेगा और इसके 23 अगस्त शाम को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर उतरने का कार्यक्रम है। इसके लिए सभी अभ्यास पूरे कर लिये गये हैं। इसरो के अनुसार इस चरण के सफलतापूर्वक पूरा होने का मतलब है कि चंद्रयान 3 की सभी प्रणालियां सही तरीके से काम कर रही हैं। चंद्रयान 3 का

23 अगस्त शाम को चंद्रमा की सतह पर उतरेगा

प्रक्षेपण 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से किया गया था। चंद्रमा की सहत पर उतरने के बाद लैंडर से रोवर बाहर निकलेगा और मिशन के उद्देश्यों को पूरा करेगा। इस मिशन के सफल होने के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन जायेगा। अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही यह उपलब्धि हासिल की है। चंद्रयान 3 ने पिछले तीन हफ्तों में कई चरणों का पार कर चांद की अलग अलग कक्षाओं में प्रवेश करते हुए इस महत्वपूर्ण चरण को पूरा किया है।

शाह 20 को भोपाल आएंगे, प्रदेश सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे

भोपाल, देशबन्धु। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर 20 अगस्त को प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। वह राजधानी भोपाल में प्रदेश सरकार का 20 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे। इसके साथ ही केन्द्रीय गृह मंत्री ग्वालियर में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को भी सम्बोधित करेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमित शाह के प्रदेश आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं।

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कमलनाथ सरकार के 15 माह को छोड़कर पिछले 20 वर्षों से भाजपा की सरकार ने विकास और गरीबों का जीवन बदलने का काम किया है। उन कामों पर केन्द्रित गरीब कल्याण रिपोर्ट कार्ड को गृह मंत्री श्री शाह भोपाल में जनता के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही श्री शाह विकास और गरीब कल्याण को लेकर प्रत्येक विधानसभा में पहुंचने वाले प्रचार रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि इसके बाद केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह ग्वालियर पहुंचेंगे और वृहद कार्यसमिति की चुनावी बैठक को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में होने वाली कार्यसमिति की बैठक को लेकर पार्टी की व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं।

नेहरू मेमोरियल का नाम बदलने पर बोले राहुल

नेहरू की पहचान नाम नहीं, कर्म से है

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने दिल्ली स्थित नेहरू मेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री मेमोरियल कर दिया। तीन दिन बाद गुरुवार को इस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि नेहरू जी की पहचान उनके कर्म हैं, उनका नाम नहीं। राहुल के इस बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम अपने पूर्व प्रधानमंत्रियों को सम्मान दे रहे हैं, चाहें वे किसी भी पार्टी के हों। कांग्रेस पार्टी इसे बेकार में मुद्दा बना रही है। मुझे नहीं पता कि इसमें समस्या क्यों है। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले नई दिल्ली के तीन मूर्ति परिसर स्थित नेहरू मेमोरियल म्यूजियम का नाम बदलकर पीएम म्यूजियम एंड लाइब्रेरी कर दिया गया था। इसी साल 15 जून को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर फैसला लिया गया था।

दो दिनी दौरे पर लद्दाख पहुंचे राहुल

लेह, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर लद्दाख पहुंचे। यहां पर लेह एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर अपने भाषण के दौरान कहा था कि वह जल्द ही लेह का दौरा करेंगे। हालांकि, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस साल की शुरुआत में दो बार श्रीनगर और जम्मू का दौरा किया था, लेकिन वह लद्दाख नहीं गए थे।

हमने 70 साल तक लोकतंत्र बचाए रखा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि जब वह पूछते हैं कि कांग्रेस ने इस देश को क्या दिया तो इसका सीधा जवाब यही है कि कांग्रेस ने 70 साल से लोकतंत्र बचाए रखा इसलिए श्री मोदी देश के प्रधानमंत्री बन पाए हैं। श्री खडगे ने गुरुवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन 'प्रतिज्ञा उज्ज्वल भारत की' के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

कांग्रेस संगठन में किया गया फेरबदल

सुरजेवाला को बनाया गया मप्र का प्रभारी

- मुकुल वासनिक को दी गई गुजरात की जिम्मेदारी
- अजय राय उप्र कांग्रेस अध्यक्ष किए गए नियुक्त

नई दिल्ली, देशबन्धु। कांग्रेस ने गुरुवार को पार्टी संगठन में फेरबदल किया। पार्टी ने रणदीप सुरजेवाला को मध्य प्रदेश के वरिष्ठ पर्यवेक्षक के बाद अब राज्य का ही प्रभारी महासचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया है, वहीं मुकुल वासनिक को गुजरात के प्रभारी महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा बृजलाल खाबरी की जगह अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मध्य प्रदेश के प्रभारी महासचिव की जिम्मेदारी सुरजेवाला को वरिष्ठ नेता जेपी अग्रवाल की जगह दी गई तो वहीं वासनिक को राजस्थान कांग्रेस के नेता रघु शर्मा के इस्तीफे देने के बाद प्रभारी महासचिव बनाया गया है। गुजरात में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद रघु शर्मा ने प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया था। इस साल के आखिर में मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव है। ऐसे में सुरजेवाला को जिम्मेदारी देना काफी अहम माना जा रहा है। इसके अलावा अगले साल लोकसभा चुनाव है। गुजरात में भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर मानी जाती है। वहीं उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं। ऐसे में अजय राय की नियुक्ति भी काफी अहम है। उप्र की वाराणसी सीट से 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राय लड़ चुके हैं।

भाजपा ने हारी हुई 39 सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

भोपाल उत्तर से आलोक, ध्रुवनारायण को मध्य से मैदान में उतारा

भोपाल, देशबन्धु। भाजपा ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 39 उम्मीदवारों की पहली सूची घोषित कर दी। प्रदेश में 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए इस साल के अंत में चुनाव होना है।

भाजपा ने जिन 39 सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किये हैं उनमें से 38 सीट पर वर्तमान में कांग्रेस तथा एक सीट पर बसपा का कब्जा है। पार्टी ने पूर्व मंत्री आरिफ अकील की सीट भोपाल उत्तर से पूर्व महापौर आलोक शर्मा, भोपाल मध्य से आरिफ मसूद की सीट भोपाल मध्य से ध्रुवनारायण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। जबकि पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य को भिंड जिले की गोहद विधानसभा क्षेत्र से टिकिट दिया गया है। वहीं पूर्व मंत्री ललिता यादव को छतरपुर से मैदान में उतारा गया है।

भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव की अधिकृत घोषणा से काफी पहले अपने उम्मीदवारों की घोषणा से जाहिर होता है कि अपनी कमजोर सीट पर तैयारी के लिए भरपूर वक्त पार्टी और उम्मीदवारों को देना चाहती है। भाजपा द्वारा जारी पहली सूची में पांच महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। इनमें सरला विजेंद्र रावत (सबलगढ़ जिला मुरैना), प्रियंका मीणा (चाचौड़ा जिला गुना), ललिता यादव (छतरपुर), अंचल सोनकर (जबलपुर पूर्व), निर्मला भूरिया (पेटलावद जिला झाबुआ) शामिल हैं।

भाजपा ने कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह के अनुज वरिष्ठ विधायक लक्ष्मण सिंह की सीट चाचौड़ा से प्रियंका मीणा, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एनपी प्रजापति की सीट गोटेगांव से महेंद्र नागेश, विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष हिना कांवरे की सीट लांजी से राजकुमार कर्राये, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे की सीट मुलताई से चंद्रशेखर देखमुख, इसी प्रकार पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की सीट सोनकच्छ से ■ शेष पृष्ठ 7 पर

मुख्यमंत्री ने 4 लाख 60 हजार विद्यार्थियों को सायकिल के लिए अंतरित किए 207 करोड़, कहा-

प्रदेश में सरकार नहीं परिवार चलाता हूं

- 81 करोड़ 12 लाख की लागत के सीएम राइज स्कूल का किया भूमिपूजन
- शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ कार्यक्रम
- अच्छी शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने का आधार है

भोपाल, देशबन्धु। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'मैं मध्यप्रदेश में सरकार नहीं परिवार चलाता हूं।' हमारा सपना था कि प्रदेश के गरीब, निम्न मध्यम वर्गीय और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को भी देश-दुनिया के बेहतर स्कूलों जैसे स्कूल उपलब्ध हों। इनके बच्चों की योग्यता कम नहीं हैं, इन्हें अपने आस-पास ही अच्छी शिक्षा के अवसर मिले और वे अपने सपने साकार कर सकें, इस उद्देश्य से ही राज्य

बच्चों के लिए गुनगुनाया गीत

सरकार ने सीएम राइज स्कूल की परिकल्पना की और अब पूरे प्रदेश में इसका क्रियान्वयन जारी है। श्री चौहान ने आज भोपाल के भेल स्थित बरखेड़ा में 81 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीएम राइज़ शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का भूमि पूजन किया। इस स्कूल में 118 क्लासरूम, 15 लैब्स, 2 लायब्रेरी, 8 लेन एथलिट ट्रेक और ओलम्पिक साइज स्वीमिंग पूल होगा। उन्होंने इस दौरान 4 लाख 60 हजार विद्यार्थियों के खाते में साइकिल खरीदने के लिए 207 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से अंतरित किए। सायकिल के लिए प्रति विद्यार्थी साढ़े 4 हजार रुपए जारी किए गए। इसके साथ ही विद्यार्थियों से बातचीत की, राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम से सभी जिलों के विद्यार्थी वर्चुअली जुड़े। श्री चौहान ने कहा कि अच्छी शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने का आधार है। हमारी सरकार बेहतर स्कूल उपलब्ध कराने के लिए आरंभ से ही प्रतिबद्ध रही है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में क्रमबद्ध रूप से प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शालाओं के भवन बनाए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निर्मित होने वाले सभी सीएम राइज स्कूल में स्मार्ट क्लास, लायब्रेरी, प्रयोगशाला, खेल मैदान, खेल सुविधाओं के साथ-साथ स्वीमिंग पूल की भी व्यवस्था होगी। श्री चौहान ने कहा कि जो विद्यार्थी मेडिकल, इंजीनियरिंग, आईआईएम, लॉ की पढ़ाई की करना चाहते हैं और आगे अध्ययन के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में जाना चाहते हैं, उनकी फीस राज्य सरकार भरवाएगी। स्कूल शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि सीएम राइज स्कूल गरीब, निम्न मध्यम वर्गीय और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को सर्वसुविधायुक्त स्कूलों में पढ़ाई के अवसर प्रदान कर उनके सपनों को साकार करेंगे। कार्यक्रम में गोविंदपुरा विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ बच्चे मन के सच्चे, सारी जग के आंख के तारे, ये वो नन्हे फूल हैं जो, भगवान को लगते प्यारे गीत भी गुनगुनाया। उन्होंने 'आई लव यू' कहकर अपना स्नेह अभिव्यक्त करते हुए कहा कि मैं अपने भांजे-भांजियों के बीच सबसे अधिक प्रसन्न रहता हूं।

शहडोल में 23 को होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

शिवराज प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रदान करेंगे स्कूटी

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आगामी सप्ताह राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हो रहे लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम, लाड़ली बहना सम्मेलन और जनदर्शन के संबंध में कलेक्टर एवं वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान 21 अगस्त को भोपाल में शिक्षकों को नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे। इसी दिन शिवपुरी जिले के पिछोर में महिला सम्मेलन होगा। साथ ही दतिया जिले में दतिया एयरपोर्ट के विस्तार के भूमि पूजन का कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान 22 अगस्त को दतिया जिले के सेवढ़ा में महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे और शिवपुरी जिले के पोहरी में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहाको सामग्री का वितरण किया जाएगा। भोपाल में 22 अगस्त की शाम मुख्यमंत्री सीखो कमाओ ■ शेष पृष्ठ 7 पर

भोपाल में 21 को शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण करेंगे 22 को सेवढ़ा में होगा महिला सम्मेलन

सार-समाचार

मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बीना, देशबन्धु। आजादी का अमृत महोत्सव एवं मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम 16 से 20 अगस्त के अंतर्गत नगरपालिका कार्यालय से सिनेमा तिराहा गांधी चौराहा से होते हुए सर्वोदय चौराहे से नगरपालिका कार्यालय तक कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक महेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष के साथ समस्त पार्षद अधिकारी कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं शामिल हुई।

कांग्रेस की बाइक रैली गांव गांव पहुंचेगी

राहतगढ़, देशबन्धु। हनुमान मड़ा मंदिर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमे आगामी 22 अगस्त को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सागर आगमन को लेकर तैयारियां पर विचार विमर्श कर अनेक निर्णय लेने गए। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे को सफल बनाने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में चार दिवसीय बाइक रैली अलग-अलग स्थानों से निकाली गई। पहले दिन ग्राम चंद्रापुर, गढाघाट, झिला, खाताखेडी, बिनायकी, पचमा होते हुए बटयावदा पहुंची। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र मोहासा, विनोद यादव, सीमा चौधरी आदि मौजूद थे।

चित्रकला एवं खेलों के हुए आयोजन

बीना, देशबन्धु। विद्युत विभाग में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस एवं ऊर्जा संरक्षण के विषय पर बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया और स्वतंत्रता दिवस एवं ऊर्जा संरक्षण से संबंधित सुंदर-सुंदर चित्र बनाये। साथ ही इस उपलक्ष्य में बैडमिंटन, कैरम, शतरंज प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों कर्मचारियों ने विशेष रूचि दिखाते हुये भाग लिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण करते हुये जीवन में ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण के महत्व को समझाया गया।

कलेक्टर ने सीएमओ प्रभु की प्रशंसा की

मालथौन, देशबन्धु। स्वतंत्रता दिवस पर के अवसर पर नगर परिषद बरोदियाकलां के मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रभुशंकर खरे को कलेक्टर ने प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया। उन्हें यह प्रशंसा पत्र शासन की विभिन्न योजनाओं के कुशल क्रियान्वयन करने व उत्कृष्ट कार्य करने प्रदाय किया। मप्र शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण जैसी शासन की अति महत्त्वपूर्ण योजनाओं एवं सीएम हेल्पलाइन में निकाय द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर संभाग स्तर में ए प्लस ग्रेड हासिल करने पर कलेक्टर दीपक आर्य ने सीएमओ प्रभुशंकर खरे व निकाय की टीम को प्रशंसा पत्र प्रदान किया। इस पर स्थानीय लोगो ने सीएमओ व टीम शुभकामनाएं, बधाई प्रेषित की।

आचार्य विद्यासागर ज्ञानपीठ में लहराया तिरंगा

मालथौन, देशबन्धु। आचार्य विद्यासागर ज्ञानपीठ में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि अंकित भाटिया पठारी ने ध्वजारोहण किया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने मंच से देश भक्ति पर आधारित नाट्य नाटक, नृत्य और भाषण प्रस्तुत कर महापुरुषों, क्रांतिकारियों का यशगान किया। देशभक्ति के तरानों से विद्यालय गूंज उठा। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों में पुरुस्कार वितरण किया गया। इस मौके पर श्री भाटिया ने राष्ट्रीय पर्व की गरिमा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आभार प्राचार्य आंनद जैन व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक योगेश भैया, प्रियेश जैन डायरेक्टर भाग्योदय तीर्थ एवं एल्डरमैन मन्नूलाल मोदी, राजेन्द्र जैन, जैन पंचायत कमेटी अध्यक्ष योगेश कठरया, सुभाष चौधरी, रमेश जैन, रविसीपुर आदि उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण में किया जाएगा शिलाफलकम का लोकार्पण और वीरों का वंदन

सागर, देशबन्धु। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा आज दोपहर 3 बजे से शास. उत्कृष्ट उच्च. माध्य. विद्यालय परिसर में शिलाफलकम का लोकार्पण किया जाएगा। उसके पश्चात पंच, प्रण, शपथ, वसुधा वंदन के तहत अमृत वाटिका में 75 प्रकार के पौधों का पौधारोपण और वीरों का वंदन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने जनप्रतिनिधियों, पार्षदों और नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

सुरखी से मेरा 25 साल पुराना दिल का रिश्ता है: गोविंद सिंह राजपूत

25 लाख रुपए की लागत से बनेगी यादव समाज की धर्मशाला

सागर, देशबन्धु। सुरखी विधानसभा क्षेत्र में निवारत सभी समाजों का सम्मान समारोह का आयोजन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा किया जा रहा। पिछले एक महीने से सामाजिक समरसता के चल रहे सम्मान समारोह के तहत यादव समाज का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में मंत्री मोहन यादव मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री ललिता यादव ने की। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों के साथ युवा वर्ग की बड़ी संख्या में उपस्थित था। कार्यक्रम के दौरान 70 वर्ष से अधिक आयु वाले यादव समाज के वरिष्ठ समाजजनों का मंत्री श्री राजपूत ने शॉल श्रीफल और पुष्प वर्षा करते हुए आशीर्वाद लिया। मंत्री मोहन यादव ने उपस्थित लोगों से कहा कि गोविंद आपके हैं, आप भी गोविंद के है। उन्होंने शिक्षा को लेकर कहा कि अब हमारी किताबों में राम कृष्ण का पाठ पढ़ाया जाएगा, ताकि बच्चे अपने गौरवशाली संस्कृति से परिचित हो सकें। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मैंने और मेरे पूरे परिवार ने कभी भी जात पात की भावना से कार्य नहीं किया। मेरे लिए सभी समाज एक हैं, जो व्यक्ति सभी समाजों को लेकर एक साथ लेकर चला है, वहीं सफल हो पाया है। उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित यदुवंशी समाज को लेकर कहा कि आप सभी एक बुलावे पर आ गए, यह आपका स्नेह है। इसके लिए मैं आपका ऋणी हूं। मैं भी आपके सुख दुख में आपके साथ खड़ा रहूंगा। आपसे मेरा 25 साल पुराना दिल का रिश्ता है और जहां दिल और मन मिल जाते है वह रिश्ता जीवन पर्यांत चलता है। मंत्री श्री राजपूत ने यादव समाज के लिए राहतगढ़ में 25 लाख रुपए की लागत से एक धर्मशाला निर्माण की घोषणा की, जिसका भूमिपूजन जल्द किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं पूर्व मंत्री ललिता यादव ने कहा कि मेरा बचपन सुरखी विधानसभा में बीता है। यहां पहले मैं खुद देखती थी कि जब कोई बीमार पड़ता था तो उसे सागर ले जाने में कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज सुरखी विधानसभा का कायाकल्प हो चुका है। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि पूरे यदुवंशी समाज को मेरा प्रणाम हैं। यादव और राजपूत समाज भाई-भाई है। हमारा मकसद सुरखी विधानसभा की सेवा करना है। इस दौरान सुरखी विधानसभा यादव समाज के नागरिक एवं पदाधिकारी हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

सभी तेन्दूपत्ता संग्राहकों को भेंट करेंगे चरण पादुका: सरोज सिंह

खुरई, देशबन्धु। जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने ग्राम बरौदिया नौनागिर में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुकाओं का वितरण किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम मढ़िया हिन्दूपथ एवं जमुनिया वाजिद में जन समस्या निवारण शिविर लगाया। सरोज सिंह ने ग्राम शब्दा में विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में महिला तेंदूपत्ता संग्राहकों को पानी की बॉटल, साड़ी एवं चरण पादुका भेंट की गईं। वहीं पुरूष तेंदूपत्ता संग्राहकों को पानी की बॉटल एवं चरण पादुका भेंट की गईं। ग्राम बरोदिया नौनागिर सहित उक्त ग्रामों में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए सरोज सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तेन्दूपत्ता संग्राहकों के लिए मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना लागू की है। जिसके तहत ग्राम बरोदिया नौनागिर में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुकाओं का वितरण किया गया है। खुरई विधानसभा क्षेत्र में सभी तेन्दूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुकाओं का वितरण किया जाएगा।

श्री रामचरित मानस अखंड पाठ छह वर्षो से अनवरत जारी, सिद्ध क्षेत्र में बना आस्था का केंद्र

गौरझामर, देशबन्धु। गौरझामर से 2 किलोमीटर दूरी पर ग्राम सरखेड़ा में स्थित श्री संकट मोचन मंदिर में करीब 6 वर्षों से रामचरित मानस का अखंड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। वहां पर भक्ति में लीन भक्तों ने बताया कि यहां जो भी अर्जी लगाई जाती है। वह मनोकामना जल्द ही पूर्ण हो जाती है जिससे भक्तों में धार्मिक आस्था की लहर बढ़ती जा रही है, सिद्ध श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण का रमणीय वातावरण सुंदरता मन मोह लेती है, सिद्ध क्षेत्र श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में शिव और शनि देव जी भी विराजमान है। जहां पर प्रतिदिन सैकड़ों भक्त दर्शन करने आते है, ग्रामवासियों ने बताया मंदिर परिसर में राम मंदिर कार्य का निर्माण कराया जा रहा है जो करीब एक वर्ष में पूरा होने की संभावना जताई गई है। स्थानीय निवासी राजाबाबू सिंह ने बताया श्रीरामचरितमानस पाठ आरंभ ना होने के पूर्व ग्राम में आए दिन विवाद अशांति व्याप्त हुआ करती थी अप्रिय घटना होने की संभावना बनी रहती थी पर जब से अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ किया गया है उस समय से ग्राम में शांति है। ग्रामीण हुकम सिंह ने बताया ग्रामवासियों में एक दूसरे के प्रति भाईचारा और स्नेह की भावना जागृत हो गई है, जिससे ग्राम सरखेड़ा सहित आसपास के ग्रामों से संकट मोचन हनुमान मंदिर के दर्शन लाभ रामायण पाठ करने आते हैं और सभी के सहयोग से लगातार 6 वर्ष हो गए हैं और आगे भी अनवरत जारी रहने की संभावनाएं हैं, मंदिर में श्री रामचरितमानस अखंड पाठ के दौरान ग्राम के भक्तों सहित आसपास के भक्त श्रीरामचरितमानस पाठ का पाठन करने के लिए उपस्थित होते हैं मंदिर के पुजारी सहित लोगो ने बताया सिद्ध क्षेत्र संकट मोचन हनुमान जी मंदिर में अर्जी लगाने पर मनोकामनाएं पूरी होती है।

नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास

सागर, देशबन्धु। नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी सौरभ अहिरवार को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले की पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि सूचनाकर्ता बालिका ने 4 मार्च 2022 को थाना सुरखी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके माता पिता शादी में गये थे वह घर पर थी जब वह पानी फेंकने बाहर जा रही थी तभी अभियुक्त सौरभ अहिरवार घर के अंदर आया और बोला कि मोबाईल चार्ज करना है लेकिन उसने बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया तो वह चिल्लाई और अभियुक्त सौरभ के पेट में लात मारी तो वह वहां से भाग गया। माता पिता के घर आने पर पूरी घटना बताने के बाद रिपोर्ट कराने उनके साथ आई। उक्त रिपोर्ट पर थाना मे प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

बीकेपी ग्रुप में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

मालथौन, देशबन्धु। बीकेपी ग्रुप में आजादी के अमृत महोत्सव मेरा देश मेरी माटी अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस की 77 वी बर्षगांठ बड़ी धूमधाम से मनाई गई। अवध प्रभा विद्यापीठ में योगिता पटैरिया एवं प्राचार्या डाली खरे ने ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत नन्हे मुन्ने बच्चों ने मंच से देशभक्ति, सांस्कृतिक नाट्य, नृत्य और जोशीली भाषण प्रस्तुत किए। नाट्य और नृत्य में बच्चों ने खूब धूम मचाई समारोह में बच्चों के अभिभावक और गणमान्यगण शामिल हुए उन्होंने बच्चों के मंचन को खूब सराहा। कार्यक्रम पश्चात बच्चों को शील्ड और मैडल से सम्मानित किया गया। पं. ब्रजकिशोर पटैरिया महाविद्यालय में संस्था अध्यक्ष गिरीश पटैरिया एवं प्राचार्य सुनीता जैन ने ध्वजारोहण कर छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को संस्था अध्यक्ष गिरीश पटैरिया द्वारा प्रशास्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। बृजकिशोर पटैरिया आईटीआई बेसरा में मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच दिनेश पटैरिया ने ध्वजारोहण किया। आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत बृहद मुख्य अतिथि दिनेश पटैरिया व स्टाफ, छात्रों द्वारा परिसर में पौधरोपण किया। इंडेन गैस एजेंसी पर डॉ. आशीष पटैरिया ने ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया। इस सुअवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय कार्य के लिए बांदरी सीएमओ हुए सम्मानित

बांदरी, देशबन्धु। नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश महतेले को स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर दीपक आर्य ने शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं एव स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण जैसी शासन की अति महत्वकांक्षी योजना, लाडली बहना योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करने, जन-जन तक पहुंचाने व उल्लेखनीय कार्य करने की तहत प्रसंशा पत्र देकर सम्मानित किया। शासन द्वारा वर्तमान में संचालित मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत सबसे अधिक आवेदन कर बांदरी नगर परिषद पहले ही प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है। श्री मेहतेले बांदरी नगर को स्वच्छ बनाने के लिए अल सुबह बार्डो में पहुंचकर सफाई का जायजा लेते है ताकि कोई गंदगी वार्डों में ना दिखे। सीएमओ द्वारा शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए अलग अलग बार्ड में शिविर लगाए जाते है। नगरवासियों को दस्तावेजों के अलावा विस्तार से समझाया जाता है ताकि कोई भी हितग्राही परेशान न हो व शासन की चल रही मूलक हितग्राही योजना का लाभ पात्र हितग्राहीयो को अधिक से अधिक मिल सके वहीं सीएमओ अच्छे कार्यों की सराहना नगर वासी भी करते हैं और इसके पहले भी इन्हें अनेक उत्कृष्ट कार्य को लेकर सम्मानित किया गया है।

भाजपा ने बण्डा विधानसभा से प्रत्याशी घोषित किया

बण्डा, देशबन्धु। भाजपा ने कांग्रेस से आगे चलते हुए मप्र की कुछ सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित किए हैं लोधी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण बंडा विधानसभा से पूर्व सांसद स्व. शिवराज सिंह के बेटे वीरेंद्र सिंह लोधी को भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। वीरेंद्र सिंह लोधी सहज व मिलनसार स्वभाव के हैं साथ ही वह शास. कन्या शाला में शिक्षक भी है लोधी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण भाजपा ने वीरेंद्र सिंह लोधी जो कि बंडा नगर के लंबरदार भी है को अपना प्रत्याशी घोषित किया। वीरेंद्र लोधी के नाम की घोषणा होने के बाद समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया और जमकर आतिशबाजी की गई। वीरेंद्र सिंह कार्यकर्ताओं के साथ और समर्थकों के साथ गाजे बाजे से कचहरी और खजाने वाले हनुमान जी सरकार के मंदिर पहुंचे जहां पर माथा ट्रैककर भगवान का आशीर्वाद लिया। कांग्रेस से पहले प्रत्याशी घोषित होने के कारण भाजपा के कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ चुनाव के प्रचार-प्रसार में लग जाएंगे। वीरेंद्र सिंह की पारिवारिक पृष्ठभूमि शुरू से ही राजनैतिक रही है। नगर के मालगुजार होने के साथ-साथ उनके पिता पूर्व में विधायक और सांसद भी रह चुके हैं।

अटल जी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

सागर, देशबन्धु। बुंदेलखंड विकास मंच द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम झण्डा चौक गोपालगंज में आयोजित किया गया। एकत्रित नागरिकों ने अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहें के नारे लगाते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। रमाकांत मिश्रा ने वाजपेयी जी को याद करते हुए उनके संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर मंच के सभी सदस्यों और अन्य नागरिकों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सड़के ग्राम के विकास में कडी का काम करती हैं: विधायक

सागर, देशबन्धु। जिस क्षेत्र और गांव में अच्छी सड़को का निर्माण होता है। वहां का विकास भी काफी तेजी से होता है आवागमन सुलभ होने के साथ-साथ ग्रामों में व्यवसायिक गतिविधियां भी बढ़ती है यह बात विधायक प्रदीप लारिया ने अपनी विधानसभा के ग्राम पंचायत पथरिया जाट में 7.66 लाख रुपए की लागत से निर्मित मुख्य सड़क मार्ग के लोकार्पण के अवसर पर कही। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार ने नगरों और ग्रामों का चहुमुखी विकास हुआ है। नरयावली विधानसभा क्षेत्र में देखे तो सड़कों का जाल विछा दिया है एक भी ऐसा गांव नही जो पक्की सड़क से वंचित हो में अपनी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिये संकल्पित हूं। लोकार्पण में आफीसर यादव, प्रमोद यादव, ब्रजेश चौबे सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

सेंट मेरी कान्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

सागर, देशबन्धु। देश के 77 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में देश भक्ति के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर के कई विद्यालय में ध्वजारोहण के साथ रंगारंग कार्यक्रम भी हुए। देवरी के राजौला ग्राम में स्थित सेंट मेरी कान्वेंट स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह 8 बजे ध्वजा रोहण किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम की बेला में कई बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। आजादी के जश्न में डूबे छात्र-छात्राएं सुबह से स्कूल में पहुंचना शुरू हो गये थे। सांस्कृतिक वेश भूषा और हाथों में तिरंगा लिए बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस पर कई प्रस्तुतियां दी। सबसे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फादर जॉन पेट्रिक ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मेनेजर सिस्टर बेनिता, सी जे प्राचार्या सिस्टर सरिता, सी जे सिस्टर्स एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सुमधुर गीत, नृत्य, भाषण आदि की प्रस्तुति दी।

युवक कांग्रेस की युवा परिवर्तन यात्रा का, बाइक रैली निकाल कर किया शुभारंभ

बीना, देशबन्धु। विधान सभा चुनाव नजदीक आते ही प्रमुख दलों के नेताओं के दौरे शुरू हो गए हैं। इसी क्रम में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया और तेंदूखेड़ा विधायक संजय शर्मा बीना पहुंचे। जिसमें सबसे पहले डॉ. विक्रांत भूरिया और संजय शर्मा ने कटरा स्वामी मंदिर में आयोजित हनुमान चालीसा पाठ व भजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद कटरा मंदिर से करीब दोपहर 3 बजे बाइक रैली का शुभारंभ किया गया। अंबेडकर तिराहे पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कार्यकर्ता सर्वोदय चौराहे पर पहुंचे। फिर सर्वोदय चौराहे होते हुए बाइक रैली कॉलेज तिराहे तक पहुंची। इस दौरान नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा से कार्यकर्ताओं और नेताओं का स्वागत किया गया। कॉलेज तिराहा होते हुए बाइक रैली गांधी तिराहे पहुंची। यहां गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। फिर यहां से कार्यकर्ता पैदल चलकर महावीर चौक पहुचें। इस दौरान विक्रांत भूरिया ने महावीर चौक पर आम सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की शिवराज सरकार भ्रष्टाचार की सरकार है। श्री रामचंद्र जी ने 14 साल का वनवास काटा था, लेकिन आप लोग 25 साल का वनवास काट चुके हैं। अगर 25 साल की गुलामी से मुक्त होना चाहते हैं, तो आने वाले दो-तीन महीना में दिन-रात एक कर दो और यहां पर डरने वालों की जरूरत नहीं है क्योंकि जो डर गया समझो वह मर गया। विक्रांत भूरिया ने कहा कि भाजपा के लोग पैसे के भूखे हैं। पैसे के लालच में यह सब भूल जाते हैं। पैसे के लालच में इन्होंने बाबा महाकाल को भी नहीं छोड़ा। महाकाल लोक में भाजपा सरकार ने 300 करोड़ का घोटाला किया है। कभी भी हम लोगों ने मंदिरों में से मूर्तियों को उड़ते हुए नहीं देखा। मंदिरों से तो पापी उड़ते हैं। जिस दिन उज्जैन में मूर्तियां उड़ी थी वह कोई आम तूफान नहीं था। वह भाजपा को सत्ता से मिटाने का तूफान था लेकिन भाजपा के लोग कहते थे कि अभी असली मूर्तियां आना बाकी है। तो जब प्रधानमंत्री से महाकाल लोक का उद्घाटन कराया था तो उस समय क्या नकली मूर्तियां लगाई थी। सभी लोगों को लड़ाई लड़ने के लिए तैयार होना पड़ेगा। यह आजादी की दूसरी लड़ाई है। जिस तरह से कांग्रेस पार्टी ने पहली लड़ाई लड़ी थी। जिसमें कांग्रेस के नेताओं आजादी की लड़ाई लड़ी थी जिसमें हम लोगों को आजादी मिली थी। उसी तरीके से हमें यह लड़ाई भी लड़नी होगी। भाजपा के लोग तो मौत का भी व्यवसाय बना लेते हैं, इसलिए उन्हें आवश्यक सीखना पड़ेगा। उन्होंने लाड़ली बहना योजना पर तंज कसते हुए कहा कि 18 साल पहले या 5 साल पहले भाजपा सरकार को महिलाओं की याद नहीं आई। भाजपा सरकार में स्कूल, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

आम सभा को संबोधित करते हुए विधायक संजय शर्मा ने कहा कि हमारे नेता कमलनाथ भरोसे का नाम है। 50 साल की राजनीति में उन पर कोई भी आरोप, प्रत्यारोप नहीं है। आप लोगों को बीना से कांग्रेस का विधायक बनाना है। मप्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी। भाजपा सरकार को आखिरी समय में लाडली बहनों की याद आई जबकि कांग्रेस पहले ही नारी सम्मान योजना की बात कर चुकी है। सरकार बनते ही 500 रुपए में सिलेंडर दिया जाएगा। किसानों का बचा हुआ कर्ज माफ किया जाएगा। पूरे प्रदेश में भाजपा की सरकार से लोग दुखी है। भाजपा सरकार में केवल झूठे वादे किए जाते हैं। यदि उन्हें काम करना ही होता तो बीना कब की स्मार्ट सिटी बन जाता। यदि रिफायनरी के एक वर्ष का पैसा बीना में लग जाए तो यह स्मार्ट सिटी बन जाएगी। चुनाव आते ही भाजपा को संत रविदास की याद आई। चाहते तो पहले ही इसकी घोषणा कर सकते थे।

आम सभा के बाद की प्रेस कॉन्फ्रेंस

विक्रांत भूरिया ने आम सभा को संबोधित करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मप्र में 60 विधानसभा सीटें ऐसी है जहां कांग्रेस कई वर्षों से जीती नहीं है, जिसमें बीना विधानसभा सीट भी शामिल है। बीना में भी 25 वर्षों से कांग्रेस का विधायक नहीं बना है। जिन सीटों पर कांग्रेस को लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है, उन सीटों पर विशेष फोकस किया जा रहा है उन कमियों को तलाशा जा रहा है जिसकी वजह से हार का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हार रही सीटों पर नेताओं के दौरे हो रहे हैं और कार्यकर्ताओं और कांग्रेस के पदाधिकारियों से हार के कारणों को जाना जा रहा है। इस बार बीना विधानसभा से कांग्रेस का विधायक जरूर बनेगा।

25 युवाओं को टिकट देने की मांग

पत्रकारों के सवाल के जवाब में विक्रांत भूरिया ने कहा कि पूरे प्रदेश में उन्हें ऐसे 25 युवाओं को तलाश है, जो कांग्रेस पार्टी में सक्रिय है, जिन्हें टिकट मिलना चाहिए। ऐसे 25 युवाओं के नाम उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ को दे दिए हैं। वह सर्वे करवाएंगे उन्हें लगेगा तो युवाओं को टिकट जरूर मिलेगा। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, प्रदेश महासचिव वीर सिंह यादव, शालू बिलगैया, इंदर यादव, इंदर सिंह ठाकुर, आशीष चौबे, वरुण मुदगल, वासु यादव आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

सार समाचार

22 को सागर आ रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिजावर में आज होगी बैठक

छतरपुर, देशबन्धु। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे 22 अगस्त के सागर दौरे पर आ रहे हैं। उक्त कार्यक्रम के तहत आज जिले के बिजावर में पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरूण यादव एवं मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघौरिया दोपहर 12 बजे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता संतोष तिवारी ने बताया कि श्री यादव गुरूवार को छतरपुर जिले के प्रवास पहुंचे। गुरूवार को चंदला विधानसभा क्षेत्र में बैठक के बाद वे रात्रि 8 बजे बिजावर पहुँचे और यहां रात्रि विश्राम किया। आज वे लखन घनघौरिया के साथ संयुक्त बैठक करेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष लखन लाल पटेल ने सभी पदाधिकारियों, समन्वय समिति के सदस्यों, समस्त मोर्चा संगठन, विभाग, ब्लॉक, मंडलम सेक्टर के पदाधिकारियों और वरिष्ठ कांग्रेसीजनों से तय समय पर बिजावर पहुंच कर बैठक में शामिल होने की अपील की है।

आईजी और कलेक्टर ने जागरूकता वाहनों को दिखाई हरी झण्डी

छतरपुर, देशबन्धु। जिले के 18 साल एवं 1 अक्टूबर को 18 साल के हो रहे युवाओं के नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत जुड़वाने के लिए जिले में स्वीप और जागरूकता गतिविधियां जारी हैं। जिसके तहत गुरूवार को खजुराहो नगर परिषद में आईजी प्रमोद वर्मा एवं कलेक्टर संदीप जी.आर. ने आठ जागरुकता वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह गाडिय़ां कचरा कलेक्शन के साथ-साथ नागरिकों को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करेंगी एवं नगर के समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, वार्ड प्रभारी के साथ मिलकर महिला प्रतिशत को बढ़ाने हेतु प्रयास करेंगी। इस अवसर पर एसडीएम राजनगर, तहसीलदार राजनगर, खजुराहो नगर परिषद सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी रजनी शुक्ला उपस्थित रहीं। कलेक्टर संदीप जीआर ने 31 अगस्त तक वोटर लिस्ट से छूटे युवाओं के नाम प्राथमिकता जुड़वाने की अपील की है।

समारोह पूर्वक प्रदर्शनी का समापन

छतरपुर, देशबन्धु। मातृशक्ति के लिए हमेशा कुछ नया करने का जज्बा रखने वाली छतरपुर की पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं भाजपा नेत्री श्रीमती अर्चना गुड्डू सिंह ने शहर के शहनाई गार्डन में 16 और 17 अगस्त को विशेष प्रदर्शनी सखी सावन मेला का आयोजन किया। गुरूवार को समारोह पूर्वक प्रदर्शनी का समापन हुआ। इस मौके पर श्रीमती सिंह ने उपस्थित मातृशक्ति को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक किया और सावन माह महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण क्यों होता है, इस पर प्रकाश डाला। श्रीमती सिंह ने बताया कि महिला आदया समिति के सहयोग से लगाई जा रही इस प्रदर्शनी में महिलाओं द्वारा तैयार किए गए स्वदेशी उत्पादों, पूजा की सामग्री और हस्तनिर्मित राखियों को रखा गया। इसके साथ शुद्धता एवं पूरी गुणवत्ता के साथ निर्मित किए गए खड़े एवं पिसे हुए मसाने, हस्तनिर्मित पर्स बैठक, बड़ी, पापड़ सहित सैकड़ों प्रकार की सामग्री भी थी।

दावेदारों के दिल के अरमां आसुओ से बहे

छतरपुर से ललिता यादव और महाराजपुर से कामाख्या होंगे उम्मीदवार

छतरपुर, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव की आधिकारिक रूप से भले ही रणभेरी न बजी हो लेकिन राजनैतिक दलों ने इसकी तैयारी काफी पहले से की है। उम्मीदवारों की घोषणा में बसपा आगे रही है लेकिन भाजपा ने भी कुछ सीटों के लिए चुनाव के ढाई महीने पहले ही अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। भाजपा ने जिन दो सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं वे वर्तमान में दोनों सीटें कांग्रेस के खाते में हैं। ऐसा माना जा रहा है कि कांग्रेस वर्तमान विधायकों को फिर से मौका दे सकती है। भाजपा ने पूर्व मंत्री एवं छतरपुर से एक बार नगर पालिका अध्यक्ष एवं दो बार विधायक के रूप में चुनकर भोपाल पहुंची ललिता यादव पर विश्वास जताया है तो वहीं पूर्व मंत्री एवं तीन बार के विधायक मानवेन्द्र सिंह भंवरराजा के पुत्र कामाख्या प्रताप सिंह पर भरोसा किया है।

गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की 39 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। छतरपुर से पूर्व मंत्री व वर्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष ललिता यादव को मैदान में उतारने का निर्णय लिया है तो वहीं महाराजपुर से पूर्व में भाजपा के बैनर तले व एक बार निर्दलीय विधायक के रूप में चुने गए मानवेन्द्र सिंह भंवरराजा के पुत्र कामाख्या प्रताप सिंह को टिकिट दी है। इस बार पार्टी ने पिता के स्थान पर पुत्र को तरजीह दी है। देखना यह होगा कि भाजपा का यह बदलाव क्या गुल खिलाता है। महाराजपुर में 223507 मतदाता हैं। उल्लेखनीय है कि महाराजपुर से भाजपा की ओर से चुनाव लडऩे की हसरत पाल रहे ठेकेदार हरगोविंद गुप्ता, कृष्णा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ब्रजेन्द्र सिंह गौतम तथा भाजपा के महाराजपुर के युवा नेता मानिक चौरसिया के अरमानों पर पानी फिर गया।

केन्द्रीय और प्रदेश नेतृत्व का जताया आभार, कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे

भाजपा से छतरपुर विधानसभा की प्रत्याशी बनाई गईं पूर्व मंत्री ललिता यादव ने पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने मीडिया को जारी बयान में कहा कि पार्टी ने जो भरोसा व्यक्त किया है उस पर वह खरा उतरने की कोशिश करेंगी। उन्होंने छतरपुर की जनता का धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए छत्रसाल चौराहे पर आतिशबाजी की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखा है। इस मौके पर रघुनाथ शर्मा, नरेन्द्र सिंह यादव, हल्के यादव, शंकर यादव, ह्रदेश यादव सहित दो दर्जन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अवैध गतिविधियों व वस्तुओं के आदान प्रदान पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश

एमपी-यूपी से सटे जिलों के कलेक्टर-एसपी के साथ आईजी ने की बैठक

छतरपुर, देशबन्धु। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर खजुराहो में गुरुवार को आईजी सागर प्रमोद वर्मा की अध्यक्षता में बॉर्डर मीटिंग सम्पन्न हुई। मीटिंग में छतरपुर से कलेक्टर संदीप जी.आर., एसपी अमित सांघी, एडीएम नम: शिवाय अरजरिया सहित पन्ना, दमोह, सागर, ललितपुर, महोबा, बांदा, टीकमगढ़ और निवाड़ी के कलेक्टर एवं एसपी उपस्थित रहे। साथ ही झांसी एवं महोबा से अधिकारी व्हीसी के माध्यम से जुड़े।

आईजी श्री वर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा सभी जिले अपने बॉर्डर पर बैरियर बनाकर सघन चौकिंग अभियान शुरू करें। साथ ही सीसीटीवी कैमरों से नजन रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में अनाधिकृत वस्तुएं, हथियार, नशीले पदार्थों, नगद कैश आदि का आदान प्रदान न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि एक दूसरे की सीमा से सटे जिले संयुक्त रूप से संचालित अवैध गतिविधियों पर छापामार प्रभावी कार्यवाही करें। जिससे चुनाव निर्विग्न और निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो सकें। आईजी श्री वर्मा ने कहा जिले एक दूसरे को जानकारी आदान प्रदान करें और अपराधियों को चिन्हित कर जिला बदर एवं बॉण्डओवर की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा छोटे से छोटे रास्तों, नदियों से जुड़ने वाले जिले आदि मार्गों को दोनों ओर से सील करते हुए सघन चेकिंग करें।

उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर संयुक्त रूप से अधिकारी बैठकें करें तथा वल्नरिवेल्टी की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कार्यवाहियों का डाटा क्राश चेक करते हुए चुनाव आयोग को भेजें। जिससे ग्राउण्ड स्तर की रिपोर्ट क्लीयर पहुंचे। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर अधिकारी नजर बनाना शुरू कर दें ताकि चुनाव को किसी भी तरह से प्रभावित न किया जा सके। जिससे अनाधिकृत गतिविधियों को रोका जा सकें।

साथ ही सूचना तंत्र आदि एक्टिव रहे जिससे हर गतिविधियों और किसी गिरोह के एक्टिव होने की जानकारी मिलती रहे और तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा सभी जिले आपसी समन्वय से कार्य करें जिससे निष्पक्ष रूप से चुनाव सम्पन्न हो।

पूर्व केंद्रीय मंत्री जिले के दौरे पर

अरुण यादव ने की एकजुटता की अपील

नौगांव, देशबन्धु। छतरपुर जिले की चंदला, बिजावर और बड़ामलहरा विधानसभा क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे पर आए पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव भोपाल से रेलवे मार्ग से झांसी पहुंचे और यहां से सडक़ मार्ग से चंदला पहुंचे झांसी रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष गगन यादव ने हजारों समर्थकों के साथ झांसी में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव का स्वागत किया और यहां से उनका काफिला चंदला के लिए रवाना हुआ। नौगांव में गगन यादव के निवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने समर्थकों से मुलाकात भी की चंदला में श्री यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में हमने प्रदेश की 150 सीटों पर विजय का लक्ष्य रखा है, जिनमें से एक चंदला भी है। उन्होंने भाजपा को झूठा बताकर आगामी चुनाव में कांग्रेस को विजय दिलाने की आवाहन किया।

यादव का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

बछौन, देशबन्धु। *ग्राम के मां कालका मंदिर में गुरूवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण यादव का कांग्रेसियों ने आत्मीय स्वागत करते हुए तुलादान किया। दरअसल पूर्व मंत्री श्री यादव गुरूवार को चंदला विधानसभा के प्रवास पर थे। वे बगमऊ के रास्ते, कटहरा, परसनिया, कटिया, गड़रपुर से गुजरे, इसी दौरान उनका भव्य स्वागत किया गया। सुबह 11 बजे से ही लोग श्री यादव के आगमन का इंतजार करते रहे। दिन भर इंतजार करने के बाद शाम करीब 5 बजे श्री यादव यहां पहुंचे और उनका स्वागत किया गया। इसी दौरान हुई बारिश से भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। इस मौके पर कांग्रेस नेत्री अनित्या सिंह, पुष्पेन्द्र अहिरवार, सविता अहिरवार आदि की उपस्थित उल्लेखनीय रही।*

शव की नही हो पाई शनाख्त, प्रशासन की बीच दफनाया

घुवारा, देशबन्धु। छतरपुर जिला व टीकमगढ जिले के मध्य से निकली धसान नदी में सोमवार की सुवह एक तैरती हुई शव देखा गया शव को देखकर आसपास मे सनसनी का माहौल बन गया तो वही शव की जानकारी पुलिस को दी गई शव छतरपुर जिले के उपथाना घुवारा अर्तगंत दी जिसपर भगवां थाना पुलिस व घुवारा पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया और शव की शनाख्त कराई .भगवां थाना प्रभारी रूपनारायण पटैरिया ने जानकारी देते हुये बताया कि शव करीब 5से 6 दिन पुराना है नदी के तेजबहाब मे लगभग आया है नदी का बहाब कम होने के कारण के यहां रूक गया है जिसके चहरा आंखे फूल चुका था मृत्क काला पैंट व सफेद सर्ट पहने हुये है शव का शिनाख्त करना मुस्किल हो गया पुलिस ने काफी प्रयास किया लेकिन कोई सुराग हासिल नही हुआ जिसपर पुलिस द्धारा शव की अग्रिम कार्यवाही हेतु नगरपरिषद को सूचना दी नगरपरिषद सीएमओ रत्नेश दुवे द्धारा सैनेट्री इंस्पैक्टर सुरेन्द्र सिंह चंदेल को आदेशित करते हुये शव वाहन के साथ मौके स्थल पर पहुंचकर शव को पीएम हेतु बडामलहरा भेज दिया गया पीएम होने के उपरांत शव अज्ञात होने के कारण नगरपरिषद व पुलिस द्धारा मर्ग कायम व पंचनामा तैयार करते हुये नगर के सोरखी रोड स्थित मुक्तिधाम के पास शव को दफनाया दिया।

साईकिल से जा रहे पति-पत्नी टक्कर से घायल

छतरपुर, देशबन्धु। जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में साईकिल से जा रहे पति-पत्नी को एक तेज रफ्तार बाईक चालक ने साईकिल से जा रहे पति-पत्नी टक्कर मार दी जिस कारण से दोनों घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पाय निवासी हल्काई कुशवाहा उम्र 39 वर्ष अपनी पत्नी बबली कुशवाहा उम्र 35 वर्ष के साथ शाम करीब 6 बजे साईकिल से खेत पर जा रहा था तभी रास्ते में रेल्वे फाटक के पास तेज रफ्तार बाईक क्रमांक एमपी 35 एमडी 5692 के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में हल्काई कुशवाहा का पैर फ्रैक्चर हुआ है और बबली कुशवाहा को भी गंभीर चोटें आई हैं। दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

नपाकर्मियों ने की हड़ताल, किया चक्काजाम

छतरपुर, देशबन्धु। शहर के छत्रसाल चौक पर गुरूवार को उस वक्त हंगामा हो गया जब एक वकील का वाहन नगर पालिका के संविदाकर्मी से टकरा गया। दरअसल घटना के बाद दोनों में कहासुनी हुई, जिसके बाद वकील ने नपाकर्मी को थप्पड़ मार दिए और फिर नपाकर्मी ने अपने साथियों के साथ चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। हंगामे की खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। इस मामले में पीड़ित ने थाने में शिकायत भी नहीं की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक छतरपुर नगरपालिका का संविदाकर्मी रवि सैनी गुरूवार को ऑडिटोरियम हॉल चल रही बीएलओ मीटिंग में जलपान की व्यवस्था देख रहा था। दोपहर में किसी काम से जब वह नगर पालिका आ रहा था तभी छत्रसाल चौराहे के पास वकील अनुज कुमार गंगेले के वाहन से उसकी टक्कर हो गई।

इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई और वकील अनुज कुमार गंगेले ने तैश में आकर रवि सैनी को थप्पड़ जड़ दिए। मारपीट के बाद वकील अदालत गए तो रवि भी उनके पीछे-पीछे अदालत पहुंच गया अनुज से माफी मांगने की बात कहने लगा। रवि का आरोप है कि अदालत में अनुज गंगेले ने अपने अन्य वकील साथियों को एकत्रित कर लिया और मारपीट की धमकी देने लगा, जिससे डरकर वह नगर पालिका कार्यालय आ गया। यहां आकर उसने अपने साथियों को पूरी घटना बताई जिसके बाद नगर पालिका के कर्मचारियों ने छत्रसाल चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। हंगामे की खबर लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए किया।

कट्टा-लेकर घूम रहर युवक को दबोचा

छतरपुर, देशबन्धु। कोतवाली पुलिस ने गुरूवार को 315 बोर का देशी कट्टा और कारतूस लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार करने की कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की है। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि 16 अगस्त को उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि शहर के पंजाब नेशन बैंक के पास एक युवक अवैध हथियार लिए किसी वारदात को अंजाम देने की नियत से घूम रहा है। सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने संबंधित स्थान पर दबिश देकर उक्त युवक को दबोच लिया। युवक की उम्र करीब 24 वर्ष है और राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम डिगौनी का रहने वाला है। युवक के कब्जे से 315 बोर का कट्टा और कारतूस बरामद किए गए हैं। युवक के विरुद्ध 25-27 आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी के अलावा उनि. देवेन्द्र सिंह यादव, प्रधान आरक्षक अशोक तिवारी, राजनारायण भट्ट, जुगल किशोर की सराहनीय भूमिका रही।

भ्रमण कर फसल का जायजा लिया किसानों को दी सलाह

छतरपुर, देशबन्धु। उपसंचालक कृषि डॉ. बीपी सूत्रकार ने बिजावर के किशनगढ़ क्षेत्र का भ्रमण करते हुए यहां की फसलों की स्थिति जानी एवं किसानों को आवश्यक सलाह दी। उन्होंने किशनगढ़, झरकुआं, गरदा, पटना ग्रामों का भ्रमण करते हुए जैविक खेती सहित अन्य कृषि कार्य देखते हुए किसानों को जानकारी देते हुए उनके द्वारा की जा रही खेती की सराहना की।

आईसीआईसीआई फाउण्डेशन द्वारा किशनगढ़ क्षेत्र के 15 गांव में कार्य किया जा रहा है। उपसंचालक डॉ. सूत्रकार ने किसानों के प्रदर्शन का सत्यापन किया। आदिवासी क्षेत्र में जैविक खेती किए जाने पर उन्होंने किसानों के खेतों में जाकर न केवल फसल देखी बल्कि किसानों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने किसानों को समझाया कि रबी की फसल के रूप में चना, सरसों तथा जौ की खेती करें क्योंकि इन फसलों में पानी की आवश्यकता कम होती है। किशनगढ़ के कृषक अभय चतुर्वेदी, दिलीप कुमार गुप्ता, गरदा के किसान वृषभान मिश्रा, झरकुआं के टीकाराम, लक्ष्मण, भगवानदास गौड़ के यहां लगाई गई फसलों का अवलोकन किया। वहीं बक्सोई के भवानीदीन प्रजापति, अगरा के भगवतीप्रसाद दुबे के यहां लगाए गए प्रदर्शनों को देखा। उपसंचालक के साथ एसएडीओ एलपी तिवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पीपी प्रजापति मौजूद रहे।

मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ न करने के निर्देश दिए

बीआरसी ने आधा दर्जन से अधिक स्कूलों का किया निरीक्षण

नौगांव, देशबन्धु। *जनपद शिक्षा केंद्र के बीआरसीसी अनुराग खरे ने गुरुवार को आधा दर्जन से अधिक प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों का निरीक्षण कर शिक्षकों को समय से आने की समझाईस देते हुए स्कूलों में छात्र उपस्थिति बढाने पर जोर दिया। साथ ही स्कूलों में बन रहे मध्याह्न भोजन को चेक किया और उसकी गुणवत्ता से समझौता करने पर कार्यवाई करने की बात कही। इसके अलावा स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढाने के लिए शिक्षकों के सुझाव भी लिए।*

बीआरसीसी अनुराग खरे ने गुरुवार को प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला लुगासी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान बीआरसीसी अनुराग खरे ने स्कूल के शिक्षकों को समय से स्कूल आकर खोलने एवं छात्रों की पढाई पर ध्यान देने का निर्देश दिए। इसी के साथ बीआरसीसी खरे ने प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला लुगासी, प्राथमिक शाला ददरी, मड़रका सहित आधा दर्जन स्कूलों का निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान बीआरसीसी खरे ने स्कूलों में छात्र संख्या बढाने पर जोर देते हुए उपस्थिति बढाने के भी निर्देश दिए। बीआरसी खरे ने सभी स्कूलों में छात्रों को स्वच्छता का पाठ पढाया इसके अलावा बीआरसी खरे ने स्कूलों में बनने वाले मध्याह्न भोजन को चेक किया और सभी को निर्देश दिए कि छात्रों के मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ नहीं करें। बच्चे देश का भविष्य हैं, अगर इनकी शिक्षा के साथ एवं भोजन की गुणवत्ता के साथ कुछ भी गड़बड़ की तो कार्यवाई की जायेगी। लुगासी माध्यमिक शाला में बीआरसी ने बच्चों के टेस्ट भी लिए जिसमें छात्रों से जनरल पद्धति के सवाल जवाब किए।

सागर, शुक्रवार 18 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. माया राम सुरजन

नारी सम्मान की न्यायिक शब्दावली

न्यायिक प्रक्रिया के दौरान नारी का सम्मान बनाये रखने के लिये सुप्रीम कोर्ट ने नई शब्दावली दी है। अनेक ऐसे शब्द जो नारी की गरिमा को गिराने वाले होते हैं, उसकी बजाय शीर्ष अदालत ने सम्मानजनक शब्द दिये हैं। एक हैंडबुक के जरिये सर्वोच्च अदालत ने जो शब्द इस्तेमाल में लेने के लिये कहा है, आशा है कि अब कचहरी पहुंचने वाली महिलाओं को न्याय पाने के लिये अपनी प्रतिष्ठा के साथ समझौता नहीं करना होगा। शादी, तलाक, लिव इन रिलेशनशिप, यौन उत्पीड़न, प्रताड़ना, सम्पत्ति, विवाद होने पर बच्चों की कस्टडी आदि कई तरह के मुकदमों की सुनवाई के दौरान महिला पक्षकारों का बेहद अपमानजनक भाषावली से सामना होता है जिसके कारण उसके लिये न्याय को भूलकर अपनी प्रतिष्ठा को बचाना प्राथमिकता बन जाता है। पुरुष प्रधान समाज द्वारा रचित महिलाओं की आबरू को तार-तार करने वाले कई शब्द, वाक्य और मुहावरे समाज में खूब प्रचलित हैं। महिलाओं को संबोधित करने वाले ऐसे रुढ़िवादी शब्दों को अदालत की शब्दावली से हटाकर सुप्रीम कोर्ट ने जो नये शब्द दिये हैं, उम्मीद की जानी चाहिये कि वे कचहरी की जिरह और दस्तावेज़ों में ही सीमित न रहकर पूरे समाज में इस्तेमाल होंगे ताकि औरतों को कोर्ट ही नहीं वरन पूरे समाज में अपमानित हुए बिना संबोधित होने का मौका मिले।

हमारे यहां महिलाओं के स्थान के बारे में चाहे जितनी महिमा गाई जाये, सच्चाई यही है कि भारतीय समाज औरतों को वह सम्मान नहीं देता जिसकी आधी आबादी हकदार है। बहुत से देशों का भी यह हाल हो सकता है। यह किसी एक धर्म या वर्ग से जुड़ी महिलाओं की भी बात नहीं है। थोड़े से अंश को छोड़ दिया जाये तो ज्यादातर महिलाएं देश में लैंगिक असमानता का शिकार हैं। फिर वे चाहें निम्न वर्ग की हों या मध्य वर्ग अथवा उच्च वर्ग की। शिक्षा ने कुछ फर्क ज़रूर डाला है पर असलियत यही है कि ज्यादातर महिलाएं अपने वाजिब अधिकारों की तरह ही सम्मान से काफी दूर हैं। पहले पिता या भाई के नियंत्रण में रहती स्त्रियां बाद में पति और अंतत: बुढ़ापे में पति के साथ रहते हुए या विधवा के रूप में पुत्रों पर आश्रित जीवन जीती हैं। उनकी भौतिक ज़रूरतों को लेकर होने वाली दुश्वारियां तो अपनी जगह पर हैं, घर हो या बाहर, वे आजीवन ज़िल्लत भरा जीवन जीती हैं। उन्हें जिन शब्दों से संबोधित किया जाता है वह अक्सर अपमानजनक होता है। घरों के बाहर भी महिलाओं को लेकर कोई बहुत अच्छी भाषा का उपयोग नहीं होता।

जो महिलाएं समाज में प्रचलित भाषा को चुपचाप सुन लेती हैं वे अच्छी मानी जाती हैं क्योंकि यह मानकर ही चला जाता है कि उनका जीवन इसी के लिये बना हुआ है या उनके प्रति ऐसे वाक्यों या शब्दों का प्रयोग गैरवाजिब नहीं है। फिर, यदि औरत न्याय की दहलीज तक पहुंचने वाली हो तो, पुरुष का अहम अधिक आहत होता है। ऐसी औरतों के लिये कटुतर व ज्यादा अपमानजनक शब्द प्रयोग में लाये जाते हैं। ये शब्द लोक व्यवहार से चलकर कानूनी प्रक्रिया में दाखिल हो गये हैं। रुढ़िवादी भाषा महिला को उसके हक की लड़ाई में कमजोर कर देती है। औरतों को अपमानित करने वाला कानूनी दांव-पेंच शब्दों तक सीमित न रहकर महिला के विचारों और पोशाकों तक पहुंच जाता है। बलात्कार से पीड़ित महिला को इंसाफ पाने या दिलाने के लिये 'दामिनी' मूवी की तरह उस पीड़ादायी घटना का सिलसिलेवार वर्णन करना होता है जो बलात्कार से कहीं अधिक दर्दनाक होता है; या फिर 'पिंक' फिल्म की भांति महिला पक्षकार को नाइट पार्टी का आदी साबित कर चरित्रहीन बतलाया जाता है।

सुप्रीम कोर्ट ने भारत को सभ्य समाज बनने के रास्ते पर एक और कदम चलाया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तैयार की गई एक हैंडबुक बुधवार को जारी की। इसका उद्देश्य महिलाओं के लिये प्रयोग में लाये जाने वाले शब्दों पर रोक लगाना है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे जजों और वकीलों को लैंगिक रुढ़िवादी शब्दों के इस्तेमाल से बचने में सहायता मिल सकेगी। हैंडबुक में दिये गये शब्द अब से अदालतों में जिरह करने के दौरान और उनके फैसलों में उपयोग में लाये जायेंगे। अनेक ऐसे शब्दों को वर्जित कर महिलाओं के लिये सम्मानजनक जो शब्द इस हैंडबुक में बतलाये गये हैं, उनमें कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं- अब तक प्रचलित प्रास्टिट्यूट, हूकर या रंडी के स्थान पर 'सेक्स वर्कर', अडल्ट्रेस या अफेयर (व्यभिचारिणी) की बजाय 'शादी से इतर संबंध' तथा हाउस वाइफ के बदले 'होममेकर' शब्द का इस्तेमाल होगा। ऐसे ही, कैरियर वूमन, इंडियन या वेस्टर्न वूमन, पवित्र महिला, स्लट या फूहड़ के स्थान पर केवल 'महिला' शब्द का प्रयोग होगा। बिन ब्याही मां को 'मां' तथा कीप या मिस्ट्रेस को 'गैर मर्द से संबंध' कहना होगा। बाल वेश्या को 'ऐसी बच्ची जिसकी तस्करी की गई', जन्म से लड़का-लड़की के स्थान पर 'जन्म के समय निर्दिष्ट लड़का या लड़की', स्त्रैण (जब अपमान के उद्देश्य से इस्तेमाल में लाया गया हो) के बदले लिंग तटस्थ शब्द जैसे 'आत्मविश्वासी' या 'जिम्मेदार' लफ़्ज़ों का प्रयोग होगा। भड़काऊ कपड़े केवल 'कपड़े' कहे जायेंगे और ये महिला की इच्छा के द्योतक नहीं होंगे। उनकी ना का अर्थ ना ही होगा।

आशा है कि महिलाओं को जो सम्मान शीर्ष अदालत दिलाना चाहता है वह सिर्फ मुकदमों की जिरह, सुनवाई और फैसलों में ही सीमित न रहे। कोर्ट परिसरों के बाहर भी समाज औरतों को वास्तविक सम्मान देगा ताकि हम लैंगिक समानता से युक्त समाज रच सकें। कोर्ट द्वारा दिखाया गया नारी सम्मान का रास्ता आम लोगों को कुछ तो सिखायेगा!

2024 के चुनावों को लेकर बड़ी दुविधा में है कांग्रेस

■ हरिहर स्वरूप

पिछले एक वर्ष से राहुल गांधी स्वयं के और अपनी पार्टी कांग्रेस के राजनीतिक पुनरुत्थान का प्रयास कर रहे हैं। इस दिशा में सबसे पहला उल्लेखनीय कार्यक्रम था भारत जोड़ो यात्रा, जिसके पांच महीने के वॉकथॉन के दौरान उन्हें एक साहसी सेनानी की भूमिका निभाते हुए देखा गया। उसके बाद के पांच महीने उन्होंने संसद के बाहर बिताए, जिस दौरान उन्हें राजनीतिक शहीद की भूमिका निभाने का मौका मिला। राहुल गांधी की लोकसभा से अयोग्यता पर रोक लगाने वाले सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले से शायद उनकी शहीदी परेड पर रोक लग गई हो। फिर भी, यह निर्णय कांग्रेस के अन्यायपूर्ण दंड के दावे को भी पुष्ट करता है।

इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या से लेकर सोनिया गांधी के त्याग तक, स्पष्ट विचारधारा के अभाव के बावजूद गांधी परिवार की शहादत के आख्यान ने कांग्रेस को एक आवश्यक गोंद प्रदान किया है जिससे कांग्रेस के नेता चिपके रहे हैं।

जो भी हो, 'रीब्रांडिंग राहुल' की यह विशेष पुनरावृत्ति पिछले संस्करण की तुलना में अधिक फलदायी रही है। इसने न केवल कांग्रेस बल्कि बड़े विपक्षी गठबंधन में भी गांधी की केंद्रीय भूमिका को मजबूत करने में मदद की है। कई कांग्रेस समर्थकों का मानना है कि अब तरोताजा गांधी के लिए तीसरा और अंतिम कदम उठाने का मंच तैयार हो गया है, और वह है प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के प्राथमिक चुनौतीकर्ता की भूमिका।

लेकिन इस सवाल पर कांग्रेस अभी भी खुद को मुश्किल में फंसा हुआ पाती है। इसकी 2024 की रणनीति दो परस्पर विरोधी लक्ष्यों से बनी है: व्यापक विपक्षी एकता की उपलब्धि और पूर्व में 'कांग्रेस की राजनीतिक जगह' की पुन: प्राप्ति।

कांग्रेस को अहसास है कि राष्ट्रीय एजेंडे पर जनमत संग्रह के रूप में राष्ट्रपति शैली की 'राहुल बनाम मोदी' प्रतियोगिता, उसके लिए अनुकूल रूप से काम नहीं कर सकती है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में कुल 186 सीटों पर कांग्रेस और भाजपा की सीधी लड़ाई थी जिसमें से कांग्रेस 171 सीटें हार गई थी। इनमें से अधिकतर सीटें उत्तरी और मध्य भारत में हैं जहां मोदी और गांधी के बीच लोकप्रियता का अंतर अभी भी बहुत बड़ा है।

> **कांग्रेस को अहसास है कि राष्ट्रीय एजेंडे पर जनमत संग्रह के रूप में राष्ट्रपति शैली की 'राहुल बनाम मोदी' प्रतियोगिता, उसके लिए अनुकूल रूप से काम नहीं कर सकती है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में कुल 186 सीटों पर कांग्रेस और भाजपा की सीधी लड़ाई थी जिसमें से कांग्रेस 171 सीटें हार गई थी। इनमें से अधिकतर सीटें उत्तरी और मध्य भारत में हैं जहां मोदी और गांधी के बीच लोकप्रियता का अंतर अभी भी बहुत बड़ा है।**

उदाहरण स्वरूप मध्य प्रदेश में हाल ही में हुए सी-वोटर सर्वेक्षण से पता चला है कि 57 फीसदी लोगों ने पीएम के लिए अपनी पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में मोदी पर भरोसा जारी रखा है, जबकि इससे कहीं बहुत कम 18फीसदी लोग राहुल के पक्ष में हैं। ऐसी स्थिति ही कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों दोनों को एक राष्ट्रीय चुनाव को राज्य स्तरीय चुनावों की श्रृंखला में बदलते हुए एक शक्तिशाली सत्ताधारी के खिलाफ साझा मंच बनाने की ओर धकेलता है।

यह बहुत संभव है कि कांग्रेस द्वारा गांधी को अपने प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में पेश करने का कोई भी कठोर प्रयास भारत गठबंधन द्वारा शुरू की गई व्यापक विपक्षी एकता के लक्ष्य को, कम से कम, इसके वर्तमान विन्यास में विफल कर देगा। अयोग्यता ने न केवल विपक्षी दलों के बीच एक साझा खतरे की धारणा को बढ़ावा दिया, बल्कि इसने पीएम उम्मीदवार के जटिल मुद्दे को भी आसानी से खत्म कर दिया था, जिससे साथी पीएम पद के दावेदारों अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी और नीतीश कुमार का प्रवेश संभव हो गया था। इस प्रकार, गांधी के संसदीय कॅरियर का स्वागत भारत गठबंधन से जुड़े नाजुक राजनीतिक समीकरणों को जटिल बनाता है।

अपने गठबंधन सहयोगियों की चिंताओं को दूर करने का एक सीधा तरीका राहुल गांधी को विवाद से बाहर करना होगा। फिर भी, प्रधानमंत्री कार्यालय का ऐसा त्याग कांग्रेस की रणनीति के दूसरे लक्ष्य-'कांग्रेस स्पेस' की पुन:प्राप्ति- के लिए हानिकारक हो सकता है।

कांग्रेस स्पेस से हमारा क्या तात्पर्य है? सीधे शब्दों में कहें तो, यदि आप समग्र रूप से भारतीय राजनीतिक स्थान लेते हैं, और हिंदू राष्ट्रवाद, मंडल राजनीति और विशिष्ट उप-राष्ट्रवाद को हटा देते हैं, तो उदारवादी केंद्र-वाम राजनीति का शेष स्थान कांग्रेस स्थान कहा जा सकता है।

पिछले तीन दशकों में कांग्रेस सिकुड़ गई है क्योंकि उसने कई पार्टियों के हाथों अपनी जगह खो दी है। इसमें से कुछ को पुन: प्राप्त करने के लिए कांग्रेस गांधी परिवार की बढ़ती राष्ट्रीय प्रासंगिकता को साधन बनाने की कोशिश कर रही है।

कोई यह तर्क दे सकता है कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में पेश करने से पार्टी को कुछ राज्यों में मदद मिल सकती है जहां उसे इस क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी दावेदारों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री पद के लिए प्रमुख दावेदार के रूप में गांधी पर जोर देने से पंजाब, दिल्ली और तेलंगाना में त्रिकोणीय लड़ाई में कांग्रेस का वोट शेयर बढ़ सकता है।

द्विध्रुवीय राज्य केरल में, पार्टी पिछले संसदीय चुनावों में वामपंथियों की हार को दोहराने के लिए काफी हद तक गांधी पर निर्भर है। उनके चारों ओर राष्ट्रीय नेतृत्व की आभा संभावित रूप से यूपी और बंगाल जैसे राज्यों में आंशिक रूप से मुसलमानों और दलितों के बीच पारंपरिक रूप से कांग्रेस के आधार की लामबंदी पर प्रभाव डाल सकती है।

ध्यान रहे कि 2009 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में आश्चर्यजनक रूप से 21 लोक सभा सीटें जीती थीं, जो आंशिक रूप से गांधी की स्पष्ट नेतृत्व भूमिका के कारण थी, जिसे एक तरह से 'प्रतीक्षारत पीएम' के रूप में प्रस्तुत किया गया था।

उठ रही है वृहदनागालिम की मांग

■ आशीष विश्वास

हाल ही में नागा आदिवासियों ने भारत सरकार और पूर्वोत्तर राज्यों को याद दिलाया था कि मणिपुर की समस्याओं का कोई अंतिम समाधान 'वृहदनागालिम' की मांग को संबोधित किये बिना संभव नहीं होगा, जिस पर कोई उल्लेखनीय सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं हुई है।

अधिकांश पूर्वोत्तर-आधारित पर्यवेक्षकों ने कहा कि चूंकि मणिपुर में रहने वाले नागाओं को हमेशा ही गैर-आदिवासी बहुसंख्यक मैतेई लोगों की तरह राज्य का 'मूलनिवासी' माना जाता है, इसलिए यह केवल समय की बात है कि वे अपना रुख स्पष्ट करें क्योंकि एक ताजा जातीय संघर्ष छिड़ गया है, जिसमें इस बार कुकी शामिल हैं।

हिंसा के वर्तमान दौर में सीधे तौर पर शामिल नहीं होने के बावजूद, ज्यादातर ईसाई होने के कारण नागा लोग मणिपुर में व्याप्त स्थिति के कुछ पहलुओं से परेशान थे। कुछ चर्चों और अन्य पूजा स्थलों को जला दिया गया, जिससे समुदाय चिंतित हो गया। नागालैंड मीडिया ने घटनाओं का विस्तृत ब्यौरा दिया और प्रमुख नागा संगठनों ने चर्चों में आग लगाने की निंदा की।

> **अधिकांश पूर्वोत्तर-आधारित पर्यवेक्षकों ने कहा कि चूंकि मणिपुर में रहने वाले नागाओं को हमेशा ही गैर-आदिवासी बहुसंख्यक मैतेई लोगों की तरह राज्य का 'मूलनिवासी' माना जाता है, इसलिए यह केवल समय की बात है कि वे अपना रुख स्पष्ट करें क्योंकि एक ताजा जातीय संघर्ष छिड़ गया है, जिसमें इस बार कुकी शामिल हैं।**

हाल के सप्ताहों में, कुछ पर्यवेक्षकों के अनुसार, कुकी जनजाति और नागाओं के बीच कुछ हद तक सहमति बनती दिख रही है। वृहदनागालैंड की लंबे समय से चली आ रही मांग पर तत्काल सरकारी निर्णय के लिए नागाओं की नवीनीकृत अपील को अब कुकियों ने समर्थन दिया है। यह इस साल 3 मई को भड़की हिंसा के शुरुआती चरण के दौरान कुछ नागा संगठनों द्वारा अपनाये गये पहले के रुख से बदलाव का संकेत देता है।

जैसे-जैसे जातीय हिंसा नियंत्रण से बाहर होती गई, कुकी समुदाय की ओर से मणिपुर के भीतर एक अलग क्षेत्र की जोरदार मांग उठी, जो मैतेई और भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित (भाजपा) राज्य प्रशासन के एक वर्ग द्वारा लक्षित महसूस कर रहा था। ऐसा राज्य विधानसभा में कुकी नेताओं की अच्छी-खासी संख्या के बावजूद है, जो भाजपा के टिकट पर चुने गये थे।

इन नेताओं ने मणिपुर प्रशासन से बेहतर सुरक्षा की मांग करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और अन्य से मिलने के लिए दिल्ली का दौरा किया। उन्होंने कुकी और अन्य आदिवासियों के लिए एक नये क्षेत्र के लिए भी दबाव डाला।

पड़ोसी राज्य मिजोरम में, जहां कई डरे हुए कुकी परिवार सशस्त्र हमलावरों से भाग गये थे, नई कुकी मातृभूमि के आह्वान ने नई गति पकड़ ली। कोई और नहीं बल्कि मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा, जिन्होंने मुश्किल में फंसे बेघर प्रवासियों को आश्रय प्रदान करके कुकी का दिल जीत लिया, ने सार्वजनिक रूप से मणिपुर को तीन अलग-अलग क्षेत्रों में विभाजित करने के प्रस्ताव का समर्थन किया। इतना बड़ा बदलाव करने का तर्क मैतेई और कुकी, जो, हमार, चिन और नागा जैसी विभिन्न जनजातियों के बीच भविष्य में जातीय शांति और सद्भाव सुनिश्चित करना था।

आश्चर्य की बात नहीं, भारत सरकार और भाजपा नेता बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली मणिपुर राज्य सरकार दोनों ने इस विचार को तुरंत खारिज कर दिया। मुख्यमंत्री श्री सिंह को पद छोड़ने की मांग भी खारिज कर दी गई। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुद कुकी नेताओं के साथ और विभिन्न मंचों पर अपनी बैठकों में प्रस्तावित बदलावों को खारिज कर यिा।

यही वह समय था जब मणिपुर मीडिया के कुछ हिस्सों ने इस मामले पर कुछ नागा नेताओं के विचारों को प्रसारित किया। उन्होंने तर्क दिया कि केवल गैर आदिवासी मैतेई और नागा ही मणिपुर के मूल और सबसे पुराने निवासी थे। जहां तक कुकियों का सवाल है, ऐतिहासिक संदर्भों से पता चलता है कि वे उन्नीसवीं सदी के मध्य या उसके आसपास बर्मा से आये थे। किसी भी अन्य चीज़ से अधिक, यह संदेश पूर्वोत्तर क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में सभी सक्रिय हितधारकों के लिए एक सौम्य अनुस्मारक था, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि किसी भी शीर्ष स्तर के निर्णय लेने की प्रक्रिया में कुकियों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

जब विभिन्न जातियों द्वारा क्षेत्रीय या अन्य दावों से संबंधित मुद्दों को निपटाने की बात आती थी, तो वे मैतेई लोगों की तरह ही अपनी राजनीतिक स्थिति पर जोर देने के लिए उत्सुक थे। जटिल पूर्वोत्तर राजनीतिक परिदृश्य में यह हमेशा एक अति संवेदनशील मुद्दा रहा है।

वृहदनागालैंड मुद्दे पर नागाओं को समर्थन कुकी और हमार से मिला। नागा संगठनों ने अपनी लंबे समय से लंबित मांग पर केंद्र से तत्काल कार्रवाई के लिए दबाव बनाने के लिए 9 अगस्त को मणिपुर के चार जिलों- चंदेल, तामेंगलांग, उखरुल और सेनापति - में सार्वजनिक रैलियां आयोजित कीं, जहां संख्या के लिहाज से उनकी उपस्थिति महत्वपूर्ण है। भारत के प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन में, उन्होंने 3 अगस्त, 2015 को समुदाय के नेताओं और भारत सरकार के बीच हुए रूपरेखा समझौते के प्रावधानों का उल्लेख किया।

कुकी समुदाय की ओर से, कुकीइनपी मणिपुर (केआईएम) और हमार के लिए हमारइनपुई ने रैलियों के प्रायोजक यूनाईटेड नागा काउंसिल (यूएनसी) के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की। बाद के एक बयान में, कुकी नेताओं ने क्षेत्र में विभिन्न जनजातियों द्वारा समय-समय पर उठाई जाने वाली आम शिकायतों पर जोर दिया, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र में भेदभाव, मौलिक और संवैधानिक अधिकारों की हानि और नीति निर्माताओं, प्रशासकों और प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा आदिवासी हितों की उपेक्षा का आरोप लगाया गया। रिकॉर्ड के लिए, मणिपुर में 3 मई से शुरू हुई जातीय हिंसा में अब तक कम से कम 160 लोग मारे गये हैं। 700 से अधिक लोग घायल हुए और अनुमानित 10,000 लोग विस्थापित हुए क्योंकि भीड़ की हिंसा के कारण सैकड़ों घर, कार्यालय और दुकानें जल गईं।

पावन प्रसंग

परिवर्तन से नए अवसर की उत्पत्ति

जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है।

जब जब मनुष्य ने जड़ता को ललकारा है तब तब परिवर्तन ने दस्तक दी है,और प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े तथा महान अवसर लेकर आया है। इस अवसर का जिसने भी सदुपयोग कर लाभ उठाया है और अपने अनुकूल बनाने का ऊर्जा के साथ प्रयास किया है वह विश्व विजेता बनने में सक्षम हुआ है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस-आई हैव ए ड्रीम की कल्पना की थी वह जीवन के नए अवसर की कल्पना थी। महात्मा गांधी जी ने भी जिस स्वराज की कल्पना अपने मन में की थी वह भी उसी नए अवसर की खोज में उसकी तरफ छेड़ा गया एक अभियान था और बराक ओबामा ने भी कहा था-'यस वी कैन' ने भी बड़े परिवर्तन को सच्चाई के अवसर की तलाश थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भी मनुष्य से देवत्व की यात्रा का वर्णन किया था वह भी परिवर्तन के मुख्य द्वार से होकर गुजरता था। जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है। अवसर के मार्ग को खोलकर बड़ी विजय की महायात्रा प्राप्त हो सकती है। मूलत: परिवर्तन जीवन की एक मूलभूत विशेषता और एक जरूरी सत्य है बल्कि बेहतर कल तथा विकास के प्रत्येक सपने का हल भी होता है। परिवर्तन में अवसर तलाशने की यात्रा का अस्तित्व ही एक विजय गीत का गान है।

परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का स्वयं इस बात का साक्ष्य है कि परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई जाए तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था और उसी समय जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ,परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है। बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था। इस बड़े परिवर्तन ने संपूर्ण मानव समाज को एक बड़ा अवसर प्रदान किया पूरी कार्यप्रणाली को सरल बनाने और संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का उपहार भी दिया था।

संजीव कुमार

आपके पत्र

एक जिज्ञासा सभी से

प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी भवनों पर रोशनी की गई परंतु निजी व्यावसायिक भवनों, दुकानों और आवासों पर अंधेरा छाया रहा। क्या आजादी का उत्सव केवल सरकार के लिए है? क्यों आम नागरिक, विशेषकर दुकानदार अपनी दुकानों पर और निजी व्यापारिक कार्यालयों के संचालक एवं अधिकारी अपने कार्यालय भवनों पर दीपावली की तरह स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर रोशनी नहीं करते? एक जिज्ञासा।

- एल. एस. हरदेनिया
पत्रकार एवं संयोजक राष्ट्रीय सेक्युलर मंच

हिमाचल में सदी की सबसे बड़ी त्रासदी, कुदरत का रौद्ररूप

हिमाचल प्रदेश में कुदरत ने कहर ढाया है जिसकी क्षति की पूर्ति करना शायद इसलिए संभव नहीं है कि भवनों, रेलवे लाइन और मन्दिर की क्षतिपूर्ति करना कठिन तो है,फिर भी मुमकिन है, लेकिन लोगों की मौत की क्षतिपूर्ति मनुष्य के हाथ में नहीं है। हर एक व्यक्ति कुदरत के रौद्ररूप से लाचार है। शिमला पर पहाड़ गिरने से मलबे में दबे लोगों की मौत हुई है। महीने भर में बारिश में करीब दो सौ लोग मारे गए हैं। मन्दिर के गर्भगृह में दबे लोगों के लिए बचाव के कार्य युद्ध स्तर से किये गए हैं,लेकिन अभी तक कोई जीवित शायद ही निकल पाए। यह कुदरत की मार है जिसके चलते करीब तीन सौ पर्यटकों के फंसने का अनुमान था। पहाड़ बारिश का कहर नहीं झेल पा रही है। सुखविंदर सुक्खू के लिए मेन्टेन्स करना मुश्किल होता जा रहा है। दस हजार करोड़ का नुकसान सदी की बड़ी त्रासदी बताया गया। उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा के मार्ग टूटे हैं तो मन्दिर जाने वाले रूट की रेल पटरी हवा में झूलती नजर आई थी। नीचे से पहाड़ खिसक गया। शिमला और समारहिल पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर पहाड़ दरकने से मलबे की ढेर में समा गया था और मन्दिर के मलबे को करीब एक किमी दूर ले गया है। भूस्खलन की चपेट में आ गया है। तेज बारिश के कारण पहाड़ की गलन बढ़ गई है जिससे लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने हालात का जायजा लिया और यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया है। भारी भरकम नुकसान ने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। लोगों की जान जाने से स्थिति दयनीय बन गई है। चट्टानों की दरारों से पानी रिसने के कारण नुकसान बढ़ता जा रहा है। देश में शिमला की त्रासदी बहुत ज्यादा है। 12 सौ सड़कें बन्द हैं। 120 साल पुराना ट्रेक बारिश के कारण दहक गया है। इस आफत से बचने के लिए लोगों की हर तरह की मदद दी जा रही है। सरकार की मदद किसी भी हालत से मिलनी चाहिए। जो लोग बेघर हुए हैं उनके पुनर्वास की जवाबदेही सरकार की है, लेकिन अभी उनके खाने-पीने और रहने की व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता पर ध्यान देना आवश्यक है। कालका-शिमला ट्रेक पर रेल पटरी हवा में झूलती जा रही है। इस लाइन के रिनोवेशन और फिर से ट्रेन सुचारू रूप से चालू करने करना सरकार की बड़ी जिम्मेदारी है।

कांतिलाल मांडोत, सूरत

आदिवासी सरपंच पति की रोजगार सहायक ने सरेआम की पिटाई, मामला दर्ज

पन्ना, देशबन्धु। पन्ना जिले की कुछ ग्राम पंचायतों में अनियमितता मनमानी तानाशाही और भ्रष्टाचार इस कदर हावी हो चुका है कि शिकायत करने वालों को धमकियों और मारपीट का भी सामना करना पड़ जाता है, इसी प्रकार का मामला अजयगढ जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत नन्दनपुर का प्रकाश में आया है। जहां पर रोजगार सहायक द्वारा आदिवासी सरपंच के पति की सरेआम लात घूंसो से बुरी तरह पिटाई की गई है। बताया जाता है कि सरपंच पति द्वारा रोजगार सहायक के भ्रष्टाचार की शिकायत जिला कलेक्टर से की गई थी। इसी बात को लेकर रोजगार सहायक नाराज था। गत दिवस आदिवासी सरपंच शिवकली गौंड़ अपने पति श्यामलाल गौंड़ के साथ पंचायत भवन पहुंची थी। बाहर खड़े रोजगार सहायक सुरेन्द्र एवं उसके साथियों ने गाली गलौज शुरू कर दी सरपंच और उसके पति के द्वारा रोकने पर सरपंच के पति श्यामलाल गौंड़ को पंचायत भवन के सामने पटक पटक कर पीटा गया जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया, मामले की शिकायत धरमपुर थाना में की गई है, पुलिस ने 294, 323, 506, 34 एवं एससी एसटी एक्ट के तहत मामला कायम कर लिया गया है।

मंदिर तक का ताला तोड़कर भगवान की मूर्तिया की चोरी

पन्ना, देशबन्धु। पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम कगरे का बारा स्थित ऐतिहासिक मंदिर में स्थित वेश कीमती अष्ट धातु की आठ मुर्तिया चोरो द्वारा चोरी कर ली गई है। जिससे क्षेत्र मे हड़कंप मच गया है। मंदिर के पुजारी ओम प्रकाश अवस्थी के द्वारा लिखित शिकायती आवेदन अजयगढ़ थाना में सौंपकर चोरों को पकड़कर भगवान की प्रतिमाएं बरामद करने की मांग की गई है। मामले के संबंध में पुजारी ओमप्रकाश अवस्थी ने बताया कि गांव के मंदिर में ऐतिहासिक भगवान श्री राम, सीता और लक्ष्मण की बड़ी प्रतिमाएं स्थापित थी जिनमें से सीता और लक्ष्मण की बड़ी प्रतिमाएं अज्ञात चोर चुरा कर ले गया है, केवल भगवान राम की प्रतिमा बची हुई है, इनके अलावा भगवान श्री कृष्ण और राधा सहित अन्य देवी देवताओं की भी कई छोटी प्रतिमाएं चोरी की गई है।

ग्रामीणों ने मुआवजा दिलाए जाने तहसीलदार को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

पन्ना, देशबन्धु। जिले की सिमरिया तहसील अंतर्गत आने वाले कई ग्रामों का वर्षा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए एवं उचित मुआवजा दिलाए जाने तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पन्ना जिले में हुई अति वर्षा के कारण तहसील सिमरिया के कई ग्रामों में जल भराव से किसानों की फसल बर्बाद हो गई एवं किसानों की फसल का सही निरीक्षण कराकर उचित मुआवजा देने के संबंध में ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन सौंपने वालो में मप्र किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष इंजी. जवाहर लाल कुशवाहा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष दर्शन सिंह राजा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय चौरसिया, नरेंद्र तिवारी मंडल सेक्टर अध्यक्ष महेंद्र पटेल कुंवरपुर और कई दर्जनों की संख्या में सिमरिया क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

जवाहरलाल कुशवाहा ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से की टिकिट की मांग

पन्ना, देशबन्धु। रिटायर्ड एसडीओ इंजी. जवाहरलाल कुशवाहा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मुलाकात कर क्षेत्रीय प्रत्याशी के बारे में बात रखी और कहा कि पार्टी के द्वारा यदि क्षेत्र प्रत्याशी को टिकट नहीं दी जाती है तो निश्चित पार्टी को हार का सामना करना पड़ेगा।

क्योकि सर्वे के आधार पर अगर टिकिट दी जा रही है तो बाहरी व्यक्तियों का विरोध क्योकि पूर्व में भी स्पष्ट कहा था पहली प्राथमिकता क्षेत्र के व्यक्ति को देंगे। पवई के अलावा अन्य जगहों में भी कांग्रेस पार्टी क्षेत्रीय प्रत्याशी की मांग चल रही है। कमलनाथ से बात करते हुए जवाहर लाल कुशवाहा ने कहा की अखबारों द्वारा सूचना दी जा रही है वह सत्य है क्या उन्होंने साफ स्पष्ट मना कर दिया की पार्टी के द्वारा अभी कोई लिस्ट जारी नहीं की गई।

उन्होंने आश्वासन दिया की क्षेत्रीय प्रत्याशी को ही टिकट दी जाएगी। जिसमें पवई से उपस्थित युवा मित्र मंडली महेंद्र पटेल, बलराम लोधी, अयोध्या पटेल, ध्यान सिंह ठाकुर, नत्थू तिवारी, सूरज कुशवाहा, राजेश अहिरवार जिसमे दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज पन्ना मे

पन्ना, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक दिवसीय प्रवास पर पन्ना जिले के गुनौर विधानसभा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होगें। प्रशासन द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री चौहान दोपहर 2 बजे गुनौर पंहुचेगें तथा स्थानीय स्टेडियम मे आयोजित कार्यक्रम में भाग लेगें तथा अनेक योजनाओ का शुभारंभ तथा भूमि पूजन करेगें।

कांग्रेस पार्टी की बैठक आज, पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया होंगे शामिल

पन्ना, देशबन्धु। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आगामी 22 अगस्त को सागर आ रहें हैं उनके दौरे को लेकर पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा तैयारी की जा रही है। इसी कडी में पन्ना जिला मुख्यालय में आज 18 अगस्त को एवर साईन गार्डन मे दोपहर 2 बजे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश प्रभारी पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया बैठक लेगें।

उक्त बैठक मे प्रभारी जीवन पटेल भी उपस्थित रहेगें। बैठक को लेकर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष शारदा पाठक तथा संगठन प्रभारी पवन जैन ने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ट नेताओं, कार्यकर्ताओं से उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

ट्रेन से आने वाले फुटकर एवं फेरी वाले दूध विक्रेताओं का किया निरीक्षण

दमोह, देशबन्धु। डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने निरीक्षण कार्यवाही करते हुए फुटकर एवं फेरी वाले दूध विक्रेताओं द्वारा बेचे जा रहे दूध की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण की कार्यवाही रेल्वे स्टेशन दमोह के पास की गई। निरीक्षण में अधिकतर दूध विक्रेता बिना खाद्य पंजीयन के दूध का विक्रय करते हुए पाए गए जिनके विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण पंजीबद्ध किये गए।

निरीक्षण की कार्यवाही से बचने के लिए अधिकतर दूध विक्रेता घटनास्थल से भागते हुए नजर आये। मौके पर आधा दर्जन से अधिक दूध विक्रेताओं से भैंस का दूध, गाय का दूध एवं गाय भैंस का मिक्सड दूध के नमूनें जांच हेतु लिए गए। उक्त दूध के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

सरकार के सबका साथ सबका विकास के दावे खोखले: चौधरी

सागर, देशबन्धु। पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नरयावली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर आमजनों की बुनियादी समस्याओं को जाना। इस दौरान पूर्व मंत्री चौधरी को ग्राम पंचायत बिहारी खेड़ा के ग्राम उदयपुरा तिवारी के कुंवर सिंह आदिवासी, संतराम आदिवासी, नत्थू आदिवासी, गया प्रसाद सौंर, मुन्ना सौंर, मोहन लाल, कंछेदी आदि ग्रामीणों ने बताया कि उनके ग्राम में पिछले लम्बे समय से सार्वजनिक पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं होने से कारण ग्राम के लोगों को पेयजल के संकट से जूझना पड़ रहा है जिनकी ओर किसी का ध्यान नहीं हैं। जिस पर पूर्व मंत्री चौधरी ने मौके से ही प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर ग्राम उदयपुरा तिवारी में लम्बे समय से गहराये जल संकट की समस्या से अवगत कराते हुये पानी की समस्या का निराकरण करने की बात कही। पूर्व मंत्री चौधरी ने कहा कि सबका साथ सबका विकास की बात करने वाली भाजपा सरकार के दावे ग्राम उदयपुरा तिवारी में व्याप्त पानी की भीषण समस्या से खोखले साबित हुये हैं। यहां के लोग अपना काम मजदूरी छोड़कर पीने के पानी के लिए दर दर भटकने को मजबूर हैं जिनकी ओर किसी का भी ध्यान नही है। जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी सूरत में वर्दाश्त नही करेंगी। इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह चावड़ा, राकेश यादव, सुनील सिंह, सोम मालक, राहुल जैन, इंद्राज कुर्मी, राहुल कुर्मी आदि मौजूद थे।

लोकायुक्त कार्रवाई में पकड़े गए वार्ड प्रभारी को छिंदवाड़ा भेजा

भोपाल, देशबन्धु। नगर निगम में बीते एक दशक में लोकायुक्त द्वारा की गई कार्रवाई के बाद जांच प्रभावित होने के डर से उसे मुख्यालय में लगा दिया जाता था। लेकिन नगरीय प्रशासन विभाग में शिकायत के बाद पहली बार एक वार्ड प्रभारी का तबादला छिंदवाड़ा किया गया है। गौरतलब है कि इस वार्ड प्रभारी के खिलाफ उपभोक्ता से छह हजार रुपये की रिश्वत लेने का आरोप था। जिसकी शिकायत नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग में भी की गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते छह जून को वार्ड क्रमांक 81 के प्रभारी कैलाश यादव मूल पद सहायक राजस्व निरीक्षक को एक मामले में छह हजार की रिश्वत मांगने के चलते लोकायुक्त ने प्रकरण दर्ज किया था। इस मामले में जोन क्रमांक 19 के जोनल अधिकारी मयंक जाट सहित कैलाश से पक्ष भी लिया गया, जिसके बाद कार्रवाई प्रभावित न हो इस संबंध में लोकायुक्त द्वारा नगरीय प्रशसन विभाग द्वारा अभियोजन के दौरान कैलाश का स्थानांतरण भोपाल से अन्यत्र करने की मांग की गई। इस पर कैलाश को भोपाल नगर निगम से छिंदवाड़ा भेज दिया गया। हालांकि कैलाश को वर्तमान समय तक निगम की और से कोई कार्रवाई न कर केवल वार्ड प्रभारी के दायित्वों से मुक्त किया गया था। इसके बावजूद कैलाश नियमित तौर पर वार्ड 81 में अपनी हाजरी देता रहा। इसके बाद नगरीय प्रशासन विभाग के सह आयुक्त भरत यादव ने कैलाश को छिंदवाड़ा भेजे जाने के आदेश जारी किए। इसके बाद अब जाकर इस मामले में कैलाश को नगर निगम से कार्यमुक्त करने की तैयारी की जा रही है।

यह था मामला: वार्ड 81 में प्रभारी कैलाश ने कर के नाम पर अरूण राय नामक व्यक्ति से छह हजार रूपए की रिश्वत मांगी थी। अरूण ने इसकी शिकायत लोकायुक्त को की थी। इस मामले में लोकायुक्त ने कैलाश को अपना पक्ष रखने के लिए सात जून को बुलाया था। इस दौरान जोनल अधिकारी मयंक जाट से भी स्पष्टीकरण लिया गया था। इसके बाद से ही कैलाश पर कार्रवाई प्रस्तावित थी।

निनाद समारोह 18 आज से

भोपाल, देशबन्धु। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य एवं ताल के आदिरूपों पर एकाग्र तीन दिवसीय निनाद समारोह का आयोजन 18 से 20 अगस्त, तक प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से संग्रहालय में किया जा रहा है। इन तीन दिनों में ऐसे नृत्य होंगे, जिनमें नृत्य की प्रेरणा के आरंभिक स्त्रोत डंडे का उपयोग प्रमुखता से होता है। समारोह में प्रदेश एवं देश के 9 राज्यों के जनजातीय और लोक नृत्यरूपों की प्रस्तुतियाँ संयोजित की जायेंगी।

कांग्रेस अध्यक्ष की सभा को लेकर सौंपी गई जबाबदारी

सागर, देशबन्धु। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की 22 अगस्त को बुंदेलखंड क्षेत्र के संभागीय मुख्यालय सागर के कजलीवन मैदान में होने वाली विशाल आमसभा की तैयारियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मकरोनिया की बैठक का आयोजन पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी के मुख्यातिथ्य में किया गया। बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों को सभा में अधिक से अधिक कांग्रेसजनों व आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने की जवाबदारी सौंपी गई। बैठक में मुन्ना चौबे, फिरदोष कुरैशी, पं. रवि उमाहिया, शरद यादव, राजा सेन, सौरभ चौकसे, राजा बुन्देला, अभिषेक पाठक आदि ने विचार व्यक्त किया। बैठक का संचालन युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशरफ खान ने किया। आभार शहर कांग्रेस के सचिव सौरभ चौकसे ने माना। बैठक में राजेश उपाध्याय, कुन्दन जाट, हरदीप होरा, रजिया खान, अमित यादव, उत्तम तायड़े, गंगाराम यादव, देव कुमार यादव, पवन यादव, मुकुल यादव, विक्रम सिंह, अनिल कुर्मी, रिक्की गुप्ता, विनीत ताले वाले, नियाज अहमद, मुकेश सूर्यवंशी, विक्की चौधरी सहित अनेकों कांग्रेसजन मौजूद थे।

सार्वजनिक सूचना

पक्षकार - श्री नाथूराम रैकवार पिता रतन लाल रैकवार के स्वामित्व का एक मकान जो मौजा सागर खास प.ह.नं.65 नगर निगम सागर की सीमा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 47 बाघराज वार्ड के खसरा क्रमांक 419/1 क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट में स्थित है उक्त भवन का विक्रय पत्र दिनांक 03.10.2015 को पंजीयन क्रमांक MP 33712015 A1103694 पर उप पंजीयक कार्यालय सागर में पंजीकृत हैं उक्त विक्रय पत्र/ दस्तावेज के पृष्ठ क्रमांक 12 से 24 तक कहीं गिर गए हैं अथवा गुम गए हैं जो कि आज दिनांक तक पक्षकार के पास उपलब्ध नहीं है चूंकि श्री नाथूराम रैकवार उक्त संपत्ति पर बैंक से ऋण लेना चाहते हैं जिसमें किसी व्यक्ति एवं संस्था को कोई आपत्ति हो तो 14 दिवस में सूचित करें

अधिवक्ता -**नवीन केशरवानी**
कार्यालय लायर्स चैंबर नं 33,क्लर्क को ओपरेटिव स्टोर
सिविल कोर्ट कैम्पस सागर मो. 9981061182

OFFICE OF THE KRISHI UPAJ MANDI SAMITI RAHLI DISTT. SAGAR

NOTICE INVITING TENDER

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Maintenance Work of existing office Building, Shed and Boundary Wall, at Mandi Yard Rahli Distt. Sagar (M.P.) **Tender Number** : 2023_MPSAM_299417 (PAC amount Rs. 14.70 Lacs). The following works Tender to be received online up to 17:30 PM on 06.09.2023 Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the http://**mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

Note : Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/111433/2023 **SECRETARY**

'हमारे समय की पुकार है अशोक शाह की कविताएं'

भोपाल, देशबन्धु। कविता जीवन मूल्यों का प्रतीक है। किसी भी अँधेरे समय में जब तमाम रास्ते बंद हो जाते हैं तब कविता मानवीय पुकार में बदल जाती है। इस संकट के समय में तर्क संगत विचार और प्रगतिशील मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन कर रही अशोक शाह की कविताएं हमारे समय की पुकार हैं । अशोक शाह के सृजन के संबंध में तथा कविता के पक्ष में ये उदगार वरिष्ठ कवि-साहित्यकार राजेश जोशी ने विगत 13 अगस्त की शाम दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में राग भोपाली द्वारा आयोजित सुपरिचित कवि-लेखक अशोक शाह की दो पुस्तकों कहानी संग्रह अजोर ,बाल कविता संग्रह जैसे कान हवा के हिलते तथा अशोक शाह के अवदान पर केंद्रित राग भोपाली पत्रिका के लोकार्पण समारोह के दौरान प्रकट किए। इस अवसर पर शाह के कहानी संग्रह अजोर तथा बाल कविता संग्रह जैसे कान हवा के हिलते के अलावा शाह के साहित्यिक योगदान पर एकाग्र बहुप्रतिष्ठित पत्रिका राग भोपाली का लोकार्पण किया गया।

श्री जोशी ने श्री शाह के साहित्यिक अवदान के विभिन्न पक्षों को रेखांकित करते हुए कहा कि जंगल राग जैसी रचनाओं को देखें तो पाएंगे कि पेड़ों और वनस्पतियों में मेडीकल-वेल्यूस कितनी है। उनकी कविताओं के कितने आयाम है और वहाँ कितने रास्ते खुलते हैं। ऐसे में हम एक ऐसे कवि के सामने हैं जिसके पास कहने को बहुतकुछ है और विस्तृत जीवनानुभव है जिन्हें वह व्यक्त करना चाहता है। रचना में स्वानुभव ही नहीं परानुभव भी होते हैं। शाह का रचनात्मक संसार अर्जित ज्ञान से संचालित होता है।

अध्यक्षीय उदवोधन में वरिष्ठ कथाकार रमाकांत श्रीवास्तव ने कहा कि शाह की बहुयोग्यता उनके रचनाकर्म को बाधित नहीं बल्कि समृद्ध करती है और संवेदना को तरल बनाती है। लोकार्पित बाल कविता संग्रह की छानबीन करते हुए उन्होंने कहा कि आमतौर पर बाल कविताओं में उपदेशों की भरमार होती है। लेकिन इस संग्रह की कविताएँ इस मायने में अलग हैं। यहाँ बच्चो के मनोभावों और उनकी स्वचेतना पर विशेष ध्यान दिखाई पड़ता है। शाह की कहानियों की मीमांसा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति गहरा लगाव, आदिवासी जीवन के भिन्न पक्ष तथा मानव सभ्यता के क्षय पर यहाँ गहरी चिंता उजागर होती है। इसके अलावा टेक्नोलॉजी के निरर्थक फैलाव, मसलन हथियारों की बेतहाशा वृद्धि जैसे विषयों को शाह की कहानियाँ उठाती हैं और सार्थक बहस करती हैं। मूलत: ये कहानियाँ सृष्टि के भौतिक सत्य को सामने लाती हैं।

पूर्व प्रशासनिक अधिकारी और महत्त्वपूर्ण कवि असंगघोष ने शाह पर केंद्रित राग भोपाली की जाँच पड़ताल करते हुए कहा कि इस अंक में शाह के प्रशासनिक पहलुओं की अनेक उज्जवल छबियाँ स्पष्ट दिखाई पड़ती हैं। असंगघोष ने अंक में शामिल शाह से लिए गये साक्षात्कार में उनकी रचना-प्रकिया पर सवाल नहीं किए जाने पर आपत्ति दर्ज की। शाह के रचनाकर्म पर एकाग्र समय के अनजान पथिक पुस्तक की लेखिका प्रो. स्मृति ने कहा कि अशोक शाह अन्याय का मुखर प्रतिकार करनेवाले लेखक हैं। उनकी रचनाओं में हमें प्रकृति, प्रेम, पर्यावरण, किसान, मजदूरों से जुड़े सरोकार दिखाई पड़ते हैं। वरिष्ठ अधिकारी अजय गंगवार ने शाह के साथ बिताए अपने सेवाकाल को याद करते हुए शाह की निष्पक्ष और ईमानदार कार्यशैली का उल्लेख किया।

इस अवसर पर प्रगतिशील चेतना के सशक्त हस्ताक्षर अशोक शाह ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज मैं ज़िन्दा लोगों के बीच में हूँ। ज़िन्दा लोगों के जीवन का महत्व यह है कि वे जहाँ कहीं भी उँगली उठाते हैं, चीज़ें बदल जाती हैं। मुर्दे कभी करवट नहीं बदलते। इस धरती को प्रेम करनेवाला ही प्रतिरोध कर सकता है। शाह ने प्रतिरोध के स्वर को मुखर करतीं-बूत, मेरी असहमति है।

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, उत्तर सामान्य वनमंडल पन्ना (म.प्र.)

पता-डायमण्ड चौराहा जगात चौकी, पन्ना, जिला पन्ना (म.प्र.) पिन: 488001
E-Mail :-dfotnpanna@mp.gov.in Fax & Phone :- 07732-252029

ई टेन्डर विज्ञप्ति

उत्तर वनमण्डल पन्ना (म.प्र.) के अधीन आने वाले परिक्षेत्रों के अंतर्गत निर्माण कार्यो हेतु वर्ष 2023-24 मे लगने वाली भवन निर्माण सामग्री (सीमेन्ट, रेत, गिट्टी, ईट, मुरूम, आदि) के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज मध्यप्रदेश के www.mptenders.gov.in से online क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.08.2023 को प्रात: 11.00 बजे से दिनांक 02.09.2023 समय 3.30 बजे तक आनलाईन क्रय किये जा सकते है ।

क्रं.	विवरण	
1	निविदा प्रपत्र की उपलब्धता	निविदा प्रपत्र वेवसाइट www.mptenders.gov.in से नि: शुल्क डाउनलोड किया जा सकता है।
2	निविदा प्रपत्र का मूल्य	1,000 /-रूपये (एक हजार रूपये मात्र)
3	धरोहर राशि	100,000/- रूपये (एक लाख रूपये मात्र)
4	निविदा प्रपत्र की ऑन लाईन उपलब्धता	दिनांक 18.08.2023 को प्रात: 11.00 बजे से
5	ऑन लाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 02.09.2023 शाम 5.30 बजे तक
6	तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय	दिनांक 04.09.2023 शाम 5.30 बजे

जी-18448/23 वन मंडलाधिकारी,उत्तर सामान्य वनमण्डल पन्ना (म. प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना (म.प्र.)

दूरभाष क्रं. 07732-252084, ई.मेल - eephedpan@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 46 / 2023-24 दिनांक 14.08.2023

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई.टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत निम्नांकित ग्रामों की रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में (अधूरे कार्य) बैलेंस वर्क सम्पवेल निर्माण / आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी निर्माण का शेष कार्य, पाईप लाईन, मोटर पंप स्थापना, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन आदि कार्य इस प्रकार करना कि पूर्व में किये गये कार्य एवं शेष कार्यो को पूर्ण करते हुए योजना समेकित रूप से स्वीकृत योजना के अनुरूप क्रियान्वित हो सके। इस हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार निविदाएं आमंत्रित हैं। जिनके फार्म ऑनलाईन क्रय करने एवं निविदा दर डालने की अंतिम तिथि 26.08.2023 शाम 5.30 बजे तक निर्धारित है तथा निविदा खोलने की तिथि 28.08.2023 प्रात: 11.00 बजे निर्धारित है। निविदा से संबंधित समस्त संशोधन उक्त वेबसाईट पर ही उपलब्ध होंगे, जिन्हें पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

स. क्रं.	टेण्डर आई.डी.क्रं.	ग्राम / विकासखंड का नाम	निविदा की कुल लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि (वर्षाकाल सहित)
1	2	3	4	5	6	7
1	2023_PHED_299131_1 (Third Call)	चिकलहाई, पगरा छोटा, खमरी विकासखंड गुनौर	111.40	111400	12500	छ: माह
2	2023_PHED_299151_1 (Third Call)	गड़ोखर विकासखंड गुनौर	78.13	78130	10000	छ: माह
3	2023_PHED_299243_1 (Fifth Call)	बड़ागांव, विकासखंड पन्ना	128.29	128290	12500	चार माह
4	2023_PHED_299252_1 (Second Call)	बिल्हा (सुरदहा), विकासखंड गुनौर	161.50	161500	12500	छ: माह

जी-18433/23 कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना

प्रेम विवाह करने के बाद पति और उसके परिजनों पर दहेज मांगने का आरोप

युवती ने दर्ज कराई शिकायत, 10 लाख रुपए सहित जमीन अपने नाम कराने डाला दबाब

दिगौड़ा, देशबन्धु। बीते 5 जून 2023 को प्रेम विवाह करने बाली युवती ने अपने पति सहित ससुर, सास, ननद एवं चाचा ससुर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक जिला अंतर्गत नगर पलेरा निवासी 19 वर्षीय युवती काजुल पुत्री भोले यादव ने अपने पिता कि साथ दिगौड़ा थाने पहुंचकर इस आशय की शिकायत दर्ज कराई है। युवती द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि वह बीए की पढ़ाई कर रही है, थाना दिगौड़ा अंतर्गत ग्राम बिलगांय निवासी अंकित घोष से उसकी मुलाकात जनवरी 2023 में टीकमगढ़ मुख्यालय पर हुई थी। बताया गया है कि अंकित भारतीय सेना मे कार्यरत है, फोन पर दोनो की बातें होती रहती थी। युवती ने बताया है कि दिनांक 5 जून 2023 को कुंडेश्वर में दोनो ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर मर्जी से शादी कर ली थी। इसके बाद टीकमगढ़ कोर्ट में जाकर दोनो ने विवाह संबंधी शपथ पत्र देकर नोटरी कराई थी लेकिन विवाह का पंजीयन कलेक्ट्रेट कार्यालय में हो नहीं पाया था। युवती का कहना है कि शादी के बाद दोनों कुछ दिन छतरपुर व कुछ दिन टीकमगढ़ में किराए का मकान लेकर रहे थे। उस समय भी पति व उसके परिजन फोन पर दहेज देने व पिता की जमीन अपने नाम कराने की बात कहते थे। इसके बाद अंकित अपनी ड्यूटी पर चला गया, तब 22.7.2023 को युवती अपनी ससुराल बिलगांय पहुँची तो ससुर केहर घोष सहित सास सुनीता घोष, ननद दीपशिखा व चाचा ससुर धर्मेंद्र घोष और पति अंकित फोन पर बोले कि घर पर रहना है तो दहेज में 10 लाख रुपए व अपने पिता की जमीन मेरे नाम कर दो तभी यहां पर रह सकती हो। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल के लोग युवती के साथ उल्टा सीधा वातावरण करने पर वह अपने पिता के साथ मायके चली गई। वहां पर उसके पति का फोन नहीं आने व ससुराल के लोग उसको लेने के लिए नहीं आने पर युवती मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रही थी। पुलिस ने युवती काजल यादव की रिपोर्ट पर नामजद आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 498ए, 34 दहेज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

अवैध कच्ची शराब जप्त कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

दिगौड़ा, देशबन्धु। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए नगर से एक व्यक्ति के कब्जे से अवैध देशी कच्ची शराब को जप्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ कार्यवाही करते हुए वीरन कुशवाहा उम्र 24 साल निवासी दिगौड़ा के घर छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया। आरोपी युवक अपने घर के सामने कुप्पी में शराब बेचने के लिए रखे हुए पाया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5 लीटर अवैध देशी कच्ची महुआ से बनी हुई शराब को जप्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। दिगौड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नीरज लोधी, आरक्षक जगभान रजक की अहम भूमिका रही।

बसपा नेता ने कलेक्टर को लिखा पत्र, भृष्टाचार की जांच करने की मांग

कलेक्टर न्यायालय के प्रवाचक शैलेंद्र कांत भट्ट पर करोड़ों की काली कमाई करने का आरोप

टीकमगढ़, देशबन्धु। कलेक्टर न्यायालय में प्रवाचक के पद पर पदस्थ शैलेंद्र कांत भट्ट पुत्र पुरुषोत्तम नारायण भट्ट निवासी किले का मैदान टीकमगढ़ के विरुद्ध भृष्टाचार करके करोड़ों की काली कमाई करने के आरोप लगाते हुए बसपा नेता रामचरण अहिरवार ने कलेक्टर को पत्र देकर जांच कराने का आग्रह किया है। बसपा नेता ने गुरुवार 17 अगस्त को कलेक्टर कार्यालय में दिए शिकायती पत्र में कहा है कि श्री भट्ट विगत 15 वर्षों से कलेक्टर न्यायालय में कार्य कर रहे हैं। यह दंद फंद से काली कमाई करने के लिए मशहूर हैं। इन्होने 15 वर्षों में करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली है। बसपा नेता इनकी संपत्ति की जांच करने की मांग करते हुए कुछ बिंदुओं पर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित कराया है। पत्र में कहा गया है कि एसडीएम कोर्ट टीकमगढ़ में पदस्थ रहते हुए इन्होने अपने पद का प्रभाव इस्तेमाल करते हुए तत्कालीन तहसीलदार से ग्राम तखा तहसील टीकमगढ़ में अपने खुद के नाम भूमि खसरा नंबर 271/1/3 रकवा 0.011 हैक्टेयर भू.रा. 003 का आवंटन कराया। इसी प्रकार अपनी भाभी अनीता पत्नि उमाकांत भट्ट निवासी किले का मैदान के नाम भूमि खसरा नंबर 271/1/1 का रकवा 0.011 हैक्टेयर ग्राम तखा में आवंटित कराई गई। यह भूमियां टीकमगढ़ झांसी रोड पर मुख्य सड़क पर हैं, वेशकीमती हैं। यह दोनो भूमियां प्रवाचक भट्ट द्वारा 60 लाख रुपए में विक्रय की गई हैं, जिसकी जांच किया जाना जरुरी है। इसके साथ ही आरोप लगाया गया है कि प्रवाचक श्री भट्ट द्वारा काली कमाई से स्टेट बैंक टीकमगढ़ के समीप 10 दुकानों का निर्माण एवं रिहायशी मकान का निर्माण कराया गया है, भूमि की कीमत तकरीबन तीन करोड़ रुपए है, किंतु इस भूमि की रजिस्ट्री अपनी भाभी अनीता पत्नि उमाकांत भट्ट से मात्र पांच लाख रुपए में कराई गई है। इस रजिस्ट्री में शासन को तीन लाख रुपए आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। समस्त निर्माण कार्य में लगभग एक करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। बताया गया है कि इंद्रपुरी कॉलोनी में श्री भट्ट ने अपनी पत्नि रजनी भट्ट के नाम पर 20 लाख रुपए का प्लॉट खरीद कर दो मंजिल का भवन निर्माण कराया है। इसके निर्माण में करीब 50 लाख रुपया खर्च किए गए हैं। भवन का किराया 20 हजार रुपए महीना किडजी स्कूल से पत्नि रजनी भट्ट के खाते में भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा कहा गया है कि कलेक्टर न्यायालय में पदस्थ रहते हुए लगभग 200 प्रकरणों में हरिजन आदिवासियों की भूमियों को विक्रय करने हेतु लायसेंस जारी किए गए हैं। इस खरीद फरोख्त में खरीददारों से लाखों रुपया लिया गया है। इन फाइलों में करीब पांच करोड़ का भृष्टाचार किया गया है जो जांच का विषय है। श्री भट्ट द्वारा परिजनों के नाम

लाखों रुपया जमा किया गया है। मकान वातानुकूलित है। भोग विलासिता के सारे सामान हैं। सोना और चांदी के लाखों रुपए के आभूषण हैं। परिवार ठाठ बाट से रहता है, परिवार के अन्य लोगों के नाम पट्टे बनवाए गए हैं। श्री अहिरवार ने कहा है कि कलेक्टर न्यायालय में पदस्थ रहते हुए इनके द्वारा भू-अर्जन प्रकरणों में राशि कृषकों को वितरित करने में लाखों रुपया का गबन किया गया है। इन फाइलों का आय व्यय किया जाना आवश्यक है ताकि भृष्टाचार उजागर हो सके। कहा गया है कि वान सुजारा बांध के मुआवजा वितरण की जांच किए जाने पर लगभग 50 लाख का भृष्टाचार उजागर हो जाएगा।



जिले में दस्तक अभियान 31 अगस्त तक होगा संचालित

टीकमगढ़, देशबन्धु। शासन स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। दस्तक अभियान में 170554 बच्चों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभाराम रोशन ने बताया कि अभियान अंतर्गत सभी 0-5 बर्ष के बच्चों का दस्तक पोर्टल पर डिजिटलाइजेशन (रजिस्ट्रेशन) किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान सभी बच्चों की स्क्रीनिंग की जायेगी। बजन, लम्बाई, भुजा आदि का माप किया जायेगा।

सभी बच्चों को ओ.आर.एस.का पैकेट दिया जायेगा। यदि दस्त होना पाया जाता है तो दो-दो पैकेट दिये जायेगे। बच्चों के अभिभावकों को आयरन एवं जिंक टेबलेट के महत्व के बारे मे बताकर जागरूकता लाई जायेगी। अभिभावकों एवं बच्चों को हाथ धोने एवं ओ.आर.एस.को तैयार करने का अभ्यास अभियान के दौरान ग्रामों मे समूहों मे किया जायेगा। अभियान के दौरान बीमार बच्चों को चिन्हित कर उनका उपचार करना एवं उनको रेफरल करना। कुपोषित बच्चों को एन.आर.सी.मे भर्ती करवाना है। ग्राम स्तर पर घर घर आशा कार्यकर्ता ए.एन.एम.एवं आँगनवाड़ी कार्यकर्ता दस्तक देकर लक्षित बच्चों की स्क्रीनिंग कर पीडितों का उपचार एवं रेफरल प्रबंधन किया गया है।

भाजपा नेता गनेशी नायक को मिल रहा जनता का समर्थन

प्रथ्वीपुर विधानसभा से प्रमुख दावेदारों में आया नाम, समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान

टीकमगढ़, देशबन्धु। निवाड़ी जिला अंतर्गत विधानसभा प्रथ्वीपुर में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता गनेशी लाल नायक को क्षेत्रीय जनता का भरपूर समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक व मध्य प्रदेश शासन में मंत्री रहे दिवंगत नेता स्वर्गीय सुनील नायक के दाएं हाथ कहे जाने बाले उनके चचेरे भाई गनेशी लाल नायक ने विगत वर्षों में गांव-गांव जाकर लोगो का सहयोग करते हुए अपनी जमीन तैयार की है। क्षेत्रवासियों के हर दुख दर्द में उनके साथ खड़े रह कर समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने का परिणाम यह है कि भाजपा द्वारा कराए जा रहे सर्वे में उनका नाम विधानसभा के दावेदारों की सूची में पहले नंबर पर आता दिखाई दे रहा है। विगत दस वर्षों से अनवरत रुप से क्षेत्र की जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान श्री नायक द्वारा पूरी ईमानदारी से किया गया है। क्षेत्र की जनता श्री नायक को अपने परिवार के सदस्य की भांति स्नेह करती है और यह पार्टी द्वारा कराए जा रहे सर्वे में स्पष्ट रुप से परिलक्षित हो रहा है। बहरहाल प्रत्येक चुनाव में श्री नायक का नाम सुर्खियों में रहने के बाद भी जातिगत समीकरणों के चलते वह टिकिट से वंचित हो जाते हैं। इस बार के सर्वे में भी श्री नायक का नाम प्रमुख दावेदार के रुप में सामने आ रहा है। क्षेत्रवासियों को यह उम्मीद है कि इस बार पार्टी द्वारा जनता को निराश नहीं किया जाएगा।

लाड़ली बहना सेना के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित

टीकमगढ़, देशबन्धु। मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी लाडली बहना योजना के तहत जिले में गठित लाडली बहना सेना का जिला स्तरीय द्वितीय प्रशिक्षण सत्र गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं श्रीमती रचना बुधौलिया जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टीकमगढ़ के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपादित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टीकमगढ़ से प्राप्त जानकारी अनुसार राज्य स्तर से प्रशिक्षित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर महेश दोहरे, परियोजना अधिकारी बाल विकास परियोजना बल्देवगढ़ के द्वारा लाडली बहना सेना का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में जतारा, दिगौड़ा एवं पलेरा के परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के प्रतिनिधि नगर परिषद के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। मुख्य नगर पालिका लाड़ली बहना सेना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है, जहाँ वे स्वयं के अस्तित्व व विकास की सोच को सुद्रढ़ कर सकें। प्रशिक्षण में समस्त विभागीय योजनाओं जैसे साइबर क्राइम, पंचायत ग्रामीण विकास अंतर्गत कन्या विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, घरेलु हिंसा, जननी सुरक्षा योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित योजना एवं अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदाय की गयी, जिससे शासन की महिला कल्याण हेतु संचालित समस्त योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं निगरानी की जा सके।

पेंशनर्स संघों ने मिलकर किया जिला पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति का गठन

टीकमगढ़, देशबन्धु। पुलिस पेंशनर संघ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद खलील खान द्वारा संघ के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक एमपी सिंह परिहार के प्राप्त निर्देश पर जिला पेंशनर समिति का गठन किया। इस अवसर पर सभी पेंशनर्स संघो के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे और सर्व सम्मति से जिला पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति का गठन किया गया। इस मौके पर उमाशंकर चतुर्वेदी को पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति का जिला संयोजक तथा अलग-अलग पेंशनर्स संघो के अध्यक्ष मोहम्मद खलील खान, कैलाश नारायण सिरबैया, अशोक कुमार जैन, द्वारका प्रसाद शुक्ला, द्वारका प्रसाद राय तथा पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव राघवेंद्र सिंह राजपूत, पुलिस पेंशनर संघ के संभागीय अध्यक्ष सुरेश दोंदेरिया को जिला सह संयोजक मनोनीत करते हुए रामचरण समारी, भगवान दास कड़ा, गोविंद दास अहिरवार, राजेंद्र कुमार यादव, हरसेवक राय, गोकुल प्रसाद यादव, बलवंत सिंह, राम स्वरूप सक्सेना, राम बाबू द्विवेदी, इंदर सिंह, गंगाराम रैकवार, लक्ष्मी प्रसाद रजक, रामकृष्ण यादव, एमएस यादव, एमएल कुशवाहा, श्याम बाबू द्विवेदी, संतोष सिंह बुंदेला, अब्दुल वहीद खान, भागीरथ विश्वकर्मा, राजेंद्र कुमार सक्सेना, पूरन लाल रजक, ए.के तिवारी, धनीराम सेन, अब्दुल सत्तार, अजय द्विवेदी, अरविंद बिरथरे, देवेंद्र सिंह, राकेश जैन, ए.एल. रजक, एस.के पुरोहित को जिला पेंशनर्स संघर्ष समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। सभी पेंशनर्स पदाधिकारियों द्वारा जिला पेंशनर संयुक्त संघर्ष समिति का गठन हेतु आयोजन करने पर मोहम्मद खलील खान की प्रशंसा की गई। श्री खान ने श्री सुरेश दोंदेरिया द्वारा विशेष सहयोग करने पर उनसे गले मिलकर धन्यवाद दिया और हमेशा सहयोग की अपेक्षा की। अंत में वरिष्ठ पेंशनर राम चरण समारी द्वारा आशीर्वाद देकर आयोजन का समापन किया।

सुरेश दौंदेरिया जिला संयोजक सहित कई सदस्य मनोनीत

आत्मीयता का भाव बढ़ाने स्नेह यात्रा का शुभारंभ

संत-महात्मा गाँव-गाँव जाकर दे रहे एकात्मकता को बढ़ावा

टीकमगढ़, देशबन्धु। समाज के विभिन्न वर्गों में आत्मीयता का भाव बढ़ाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद्, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा सोलह अगस्त से प्रारंभ हुई प्रदेश व्यापी स्नेह यात्रा 26 अगस्त तक चलेगी। इस यात्रा में प्रत्येक जिले में एक संत भ्रमण करेंगे तथा वहाँ बस्तियों में जाकर समरसता के भाव से जनमानस के बीच जायेंगे। इस आयोजन के मूल में समता, सहयोग, सादगी और समर्पण के भाव को लेकर अपनत्व और नैसर्गिक स्वरूप में वंचित वर्गों और पूज्य साधु-संतों का सद्भाव मिलन है। इसी क्रम में जिले में 16 अगस्त बुधवार को टीकमगढ़ ब्लॉक के ग्राम कुंवरपुरा, नयाखेरा मऊघाट और जतारा ब्लॉक के धरमपुरा, शिवराजपुरा, पड़वार नादिया, जगत नगर और गोर में स्नेह यात्रा निकाली गयी। इसके पश्चात 17 अगस्त गुरुवार को ग्राम पंचायत मोगना, मालपीथा ,दरगाय कला, पंचमपुरा, अचर्रा, बृषभानपुरा विदारी, विजरावन और दिगौड़ा मे यात्रा में निकाली गई। इस अवसर पर इस्कॉन मंदिर उज्जैन के श्रीपाद प्रभु प्रशांत नागर जी ने कहा कि सभी लोग जन्म से भेद भाव मिटायें और स्नेह से जीवन बिताएँ, तभी समाज का उत्थान होगा। श्रीपाद कृष्णा नाम प्रभु ने कहा की प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने यह स्नेह यात्रा समाज में समरसता का भाव बना रहे। लोगों की सोच सकारात्मक हो और जनता सुखी रहे। सभी को मिलकर सामाजिक कुरुतियों को दूर करना है। समाज में स्नेह और समरसता पूर्ण वतावरण का निर्माण किया जाये। मध्य प्रदेश सरकार लोगाों में स्नेह का वातावरण निर्माण करने के लिए स्नेह यात्रा का आयोजन कर रही है। इस अवसर पर श्रीपाद सोम चेतन प्रभु जी ने कहा कि सनातन धर्म को स्थापित करना हम सब का लक्ष्य है। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. सुनील कटियार ने यात्रा के सम्बंध विस्तार से में जानकारी दी। इस यात्रा में विकासखंड समन्वयक राजकुमार जैन, नवांकुर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अचर्रा, हार्ट फुल नेस से कमलेश राय, पतंजलि से बादल जी स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत सरपंच

विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। संतों का जगह-जगह स्वागत किया गया। यात्रा दो खंडो में सम्पन्न हुई, प्रथम चरण प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं द्वितीय चरण शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक है। यात्रा न्यूनतम 5 ग्रामों में सम्पर्क के बाद निर्धारित संवाद स्थल पर पहुँची। संत-महात्माओं के ग्राम में पहुँचने पर क्षेत्र के लोगों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद संतों द्वारा जनसामान्य के बीच जाकर भेंट व सत्संग हुआ। फिर संत द्वारा आमजनों को रक्षासूत्र बंधन एवं तिलक किया गया। यात्रा के अंतिम चरण में सहभोज के साथ यात्रा का समापन हुआ। यह प्रक्रिया दोनों चरणों में 11 दिनों तक चलेगी।

एकात्म भाव के जागरण की दिशा में मील का पत्थर

मध्य प्रदेश में आयोजित हो रही स्नेह यात्रा अध्यात्म के प्रभाव के साथ-साथ समाजिक समरसता के लिए अनूठी पहल है। विश्व बंधुत्व के भाव के साथ प्रत्येक संत हर जिले में यात्राएँ करेंगे। इसके लिए देश के अलग-अलग स्थानों से संतगण पधार रहे हैं। यात्रा के दौरान समरसता को बढ़ाने वाली अनेक तरह की गतिविधियों का संचालन किया जाना है। यात्रा में महर्षि पतंजलि योग समिति, रामचंद्र मिशन, गायत्री परिवार सहित अन्य आध्यात्मिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

सामाजिक समरसता के नए युग का सूत्रपात: मुख्यमंत्री

प्रदेश में प्रारंभ हुई स्नेह यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्नेह यात्रा के शुभारंभ के साथ ही सामाजिक समरसता के नए युग का सूत्रपात हो चुका है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यात्रा सामाजिक समरसता का संदेश देगी और एकात्म भाव के जागरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। आइये, इस पवित्र और अद्वितीय आध्यात्मिक यात्रा के सहभागी बनें तथा समरस व सद्भाव पूर्ण समाज के निर्माण में सहयोगी बनें।

सार समाचार

आवास की मजदूरी दिलाने की मांग सौपा आवेदन

दमोह/नोहटा देशबन्धु। ग्राम पंचायत परासई में प्रधानमंत्री आवास की मजदूरी नहीं मिल रही है जिसके संबंध में जबेरा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह के साथ हितग्राही सीईओ को आवेदन देने पहुंचे। जहां बताया कि प्रधानमंत्री आवास में जो मजदूरी मिलती थी वह नहीं मिल रही है किसी को 1 रू भी नहीं मिला। मजदूरी की जबकि उनके मास्टर अन्य लोगों के नाम से डालकर पैसा निकाल लिया गया है जबेरा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि के साथ पहुंच हितग्राहियो ने मजदूरी का पैसा दिलाने की मांग की है। वहीं बताया कि रैकवार मोहल्ला के लोग नदी के गंदा पानी पीने को मजबूर है घुटनों तक कीचड़ मैं से जाना पड़ता है अधिकारियों से बात की तो कहा अभी बजट नहीं है इस प्रकार है गांव विकास से कोसो दूर है लोगों के पास मजदूरी नहीं है।

बच्चों की स्वास्थ्य जांच के लिए 23 से लगेंगे शिविर

दमोह देशबन्धु। जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान एवं उनके चिकित्सकीय मूल्याकंन हेतु शिविरों का आयोजन विकासखण्डवार किया जाना है। इस संबंध में जिला शिक्षा केन्द्र दमोह के सभागार में बैठक का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में समस्त विकासखण्डों के मोबाईल स्त्रोत सलाहकारों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने विकासखण्डों में निर्धारित तिथियों में शिविर संबंधी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जाये।

सीईओ जिला पंचायत वर्मा ने बताया 23 अगस्त को विकासखण्ड बटियागढ़ में बटियागढ़ सहित पथरिया विकासखण्ड के 03 जनशिक्षा केन्द्र क्रमशः नरसिंहगढ़, किशुनगंज एवं बोतराई के विद्यार्थियों को शामिल किया जाना है, वहीं 24 अगस्त को विकासखण्ड दमोह में आयोजित शिविर में दमोह सहित पथरिया विकासखण्ड के शेष 04 जनशिक्षा केन्द्र सदगुंवा, बांसाकला, कुमेरिया एवं पथरिया जनशिक्षा केन्द्र के विद्यार्थियों को शामिल किया जाना है।

25 अगस्त को हटा, 26 अगस्त को पटेरा, 28 अगस्त को जबेरा एवं 29 अगस्त को तेंदूखेड़ा में शिविर का आयोजन किया जायेगा। बैठक में शिक्षा केन्द्र द्वारा इन शिविरों में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की जवाबदारी दी गयी। शिविर में दिव्यांग बच्चों के सभी अभिभावकों से विद्यार्थी की समग्र आईडी, आधार कार्ड, 02 फोटो पूर्व से निर्मित मेडीकल बोर्ड का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं आय-प्रमाण के दो-दो सेट लाना अनिवार्य होंगे। समस्त शिविरों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा निर्देशित मेडीकल बोर्ड की टीम द्वारा दिव्यांग परीक्षण कर नवीन दिव्यांगता प्रमाण बनाने सहित नवीनीकरण हेतु मेडीकल बोर्ड की स्टाम्प पेड एवं सील सहित आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता होगी इसके साथ ही शिविर में आरबीएसके की टीम शामिल होगी। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार द्विवेदी, जिला शिक्षा अधिकारी एस. के. नेमा, डाईट प्राचार्य एस. के. मिश्रा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पथरिया, सामाजिक न्याय विभाग निःशक्त जनकल्याण के प्रतिनिधि सहित एपीसी आईईडी रोहित नेमा एवं समस्त विकासखण्डों के विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं मोबाईल स्त्रोत सलाहकारों की उपस्थिति रही।

6 ट्रेनों के बंद स्टॉपेज में 3 की स्वीकृति मिली, क्षेत्रीय सांसद व मंत्री का आभार जताया

दमोह/पथरिया देशबन्धु। पश्चिम मध्य रेलवे जोन जबलपुर अंतर्गत बीना कटनी रेलखंड में कोरोना काल में जिन 6 ट्रेनों के स्टापेज बंद हो हुए उनमें लोकमान्य तिलक टर्मिनस -वाराणसी कामायनी, भोपाल-इटारसी विंध्याचल, रीवा-अम्बेडकर नगर इंटरसिटी, पुरी-ऋषिकेश उत्कल, रीवा-रानी कमलापति, इंदौर-हावड़ा क्षिप्रा एक्सप्रेस रही जिनका वर्षों से पथरिया स्टेशन पर स्टापेज स्वीकृत रहा लेकिन कोराना काल के बाद बंद कर दिया क्षेत्र की जनता द्वारा निरंतर करीब 3 वर्षों से ज्यादा समय से क्षेत्रीय सांसद व केन्द्रीय मंत्री से मांग की जा रही थी जिस पर आखिरकार 3 ट्रेनों जिसमें अब पथरिया में 22911/12 इंदौर-हावड़ा क्षिप्रा, 12185/86 रीवा-रानी कमलापति रीवांचल, 18477/78 पुरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस का स्टापेज रेल मंत्रालय से स्वीकृति मिली नागरिकों ने क्षेत्रीय सांसद व केन्द्रीय मंत्री व रेल परामर्श दात्री सदस्य योगेश चौधरी का आभार जताया है वाकि 3 ट्रेनें कामायनी, इंटरसिटी विंध्याचल एक्सप्रेस का जल्द ठहराव हो साथ ही बहुप्रतीक्षित वर्षों से चली आ रही जनता की मांग जबलपुर-अजमेर दयोदय व हीराकुंड एक्सप्रेस का स्टापेज मिलें ताकि क्षेत्र की आम जनता व छात्र-छात्राओं को कोटा आने जाने के लिए आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो। ऐसी क्षेत्रीय सांसद व मंत्री से अपेक्षा है।

वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने हरियाली तीज महोत्सव मनाया

दमोह देशबन्धु। वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन वैश्य भवन जटाशंकर मंदिर के पास में किया। माता लक्ष्मी गणेश जी की आराधना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी ने मधुर स्वर में वैश्य गीत का गायन किया। सुहागिन महिलाओं ने त्योहार को यादगार बनाने के लिए सभी ने सोलह सिंगार कर अपनी सुहाग की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी महिलाओं ने उत्साह के साथ सभी कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नगर अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने कमान संभाली महिलाओं ने पारंपरिक हरे रंग का परिधान पहन कर सोलह सिंगार करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिला प्रभारी विद्या असाटी ने सभी लोगों से अपने घरों के आसपास पेड़ लगाने का आवाहन किया उन्होंने कहा पर्यावरण के बिना जीवन नहीं है। संरक्षक मंडल से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती , एडवोकेट सुमित्रा अग्रवाल, कमला शाह, पार्षद कविता राय, बबीता असाटी माया गुप्ता, मनीषा असाटी विनीता गुप्ता श्रद्धा राय आशा गुप्ता तनुजा चौकसे ,सीमा अग्रवाल आकांक्षा असाटी सुनीता असाटी गीता असाटी संगीता नायक अमित जैन सुधा सोनी सुनीता अग्रवाल पदम जैन ज्योति गुप्ता माधुरी गुप्ता रमा अग्रवाल अंजलि अग्रवाल रिद्धि अग्रवाल मंजू अग्रवाल तारामणि अग्रवाल सुमन अग्रवाल लक्ष्मी गुप्ता शोभा असाटी निर्मला मराठा शिप्रा सराफ साधना गुप्ता अर्चना जैन प्रमिला गुप्ता नीलम अग्रवाल दीप्ति सैन दीपा पटेल समृद्धि अग्रवाल स्वास्ति अग्रवाल श्रेया गुप्ता रेणु गुप्ता की उपस्थिति रही। सभी ने गोलगप्पे का आनंद लिया।

दमोह में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

दमोह देशबन्धु। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह रेणुका कंचन के मार्गदर्शन में ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय परिसर दमोह में मूल अधिकार एवं कर्तव्य विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में षष्ठम जिला न्यायाधीश अजयकांत पाण्डेय, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह अम्बुज पाण्डेय, अन्य न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, विधि छात्र/छात्रायें, पीएलव्ही एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उक्त आयोजित कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश अजयकांत पाण्डेय ने उपस्थित विधि छात्र-छात्राओं एवं पीएलव्ही को बताया कि सभी अपने अधिकारों को याद रखतें हैं किंतु मूल कर्तव्यों को भूल जाते हैं जबकि दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, उन्होंने मूल कर्तव्य पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विधि छात्रा आस्था सिंह राजपूत एवं सोनल जैन ने पी.पी.टी. के माध्यम से मूल अधिकार एवं कर्तव्य विषय पर प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया।

भाजपा छोड़ कांग्रेस की ली सदस्यता

दमोह देशबन्धु। विधानसभा चुनाव आते देख जिलों में भी परिवर्तन की लहर है खासकर युवाओं महिलायें शिवराज सरकार की घोषणाये घोटालों को देखकर जहां युवा चिंतित है और महिलायें अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। इसी तारतम्य में सिविल वार्ड 1 शोभा नगर की महिला भाजपा पदाधिकारी निर्मला अहिरवार मांगज वार्ड 1 युवा मोहित असाटी ने अपने साथियों के साथ जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर विधायक अजय टंडन एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने उन्हें कांग्रेसी गमछा एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इसी तरह बटियागढ़ ब्लॉक में त्रिमुढ़ा धौराज के आधा सैकड़ा युवाओं ने गौरव गर्ग के नेतृत्व में दीपराज लोधी, राहुल सिंह, अभिषेक सिंह, विक्रम सिंह, देव सिंह, संदीप सिंह, ओम सिंह, राजा सिंह ने भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की सदस्यता ग्रहण करने के बाद युवाओं के साथ पिछले 18 वर्षो से छलावा किया जा रहा है युवा बेरोजगार होने के कारण अपराध की ओर अग्रसर हो रहा है। लाढ़ली बहनो को रेवड़ी बांटकर पानी बिजली सड़क मंहगाई से ध्यान भटकाकर भाजपा पुनः सत्ता में आना चाहती है किंतु वहां ऐसा होन नहीं देगें। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष राजेश तिवारी, वीरेन्द्र राजपूत, मंजीत यादव, भूपेन्द्र आजमानी, अमर सिंह, आशीष पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, अरूण दुबे, बृजेश पटेल, अजय सरवरिया, अनुज ठाकुर सहित अनेक कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

दमोह देशबन्धु। जिला चिकित्सालय में मरीजों का चेकअप और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिये विधायक अजय टंडन ने सर्जिकल मेडीकल एवं ट्रामा वार्ड में भर्ती मरीजो का हालचाल जाना और कहा कि अभी भी चिकित्सालय में स्टॉफकी कमी है और अन्य उपकार्यो का अभाव है जिसे वह जिला चिकित्सालय प्रबंधन के साथ मीटिंग कर उन अव्यवस्थाओं को दूर करवाने का प्रयास करेगें।

पत्रकारो के सवालो का उत्तर देते हुए उन्होनें कहा कि पूर्व में भी जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन, आक्सीजन प्लांट के लिये उन्होंने शासन प्रशासन के सामने मांग रखी थी जिसका बहुत कुछ निराकरण हुआ सोनो ग्राफी मशीन की बात आप सभी ने की है वह जल्द ही यह मशीन कैसे स्थापित हो सकती है उसके लिये संबंधितों से बातचीत कर मशीन लगवा कर रहेगें। इस अवसर पर उनके साथ अमर सिंह राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, अनिल जैन, बृजेश पटेल सहित अनेकों कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के साथ बालिकाओं को गणवेश वितरित किए

दमोह देशबन्धु। स्वतंत्रता की 76 वीं वर्षगांठ पर स्थानीय श्री दिगंबर जैन पुत्री शाला में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्ष एवं उल्लास पूर्वक मनाया गया,समारोह मे जैन मिलन वरिष्ठ शाखा दमोह तथा महिला जैन मिलन शाखा नेमिनगर विशेष रूप से सम्मिलित हुई। प्रातः 8 बजे जैन पुत्री शाला के अध्यक्ष यूसी जैन, मंत्री डॉ एलसी जैन भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्र.10 के कार्यकारी अध्यक्ष वीर ललित सराफ क्षेत्रीय मंत्री वीरांगना कविता ऋषभ जैन आदि ने राष्ट्र ध्वज फहराकर सामूहिक राष्ट्रगान गाया, ध्वज वंदना एवं राष्ट्रगान के पश्चात पुत्री शाला के सभागार में अतिथियों ने भारत माता तथा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलन किया शाला की बालिकाओं ने मां सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत कर देशभक्ति से परिपूर्ण मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों की तालियां बटोरी। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में जैन मिलन बरिष्ठ शाखा ने शाला की समस्त बालिकाओं को निशुल्क गणवेश का वितरण किया,इसी कड़ी में महिला जैन मिलन नेमि नगर शाखा ने शाला को पोर्टेबल एंपलीफायर दान में दिया, वीरांगना शोभा जैन (स्व. जय कुमार जैन पेट्रोल पंप) वीरांगना सीमा पारस जैन तथा नेम चंद जैन (एम.जी.) श्रीयांस लहरी, नरेंद्र शक्ति, अखिलेश पंडित, ने बलिकाओ को प्रोत्साहन राशि प्रदान की कार्यक्रम मे वीरांगना डॉलि जैन, सीमा बाबा जैन, दिशा, अनीता, राखी, सीमा दिगम्बर, सीमा आगरा, प्रधान अध्यापिका श्रीमती दीपा जैन, शिक्षिका रूबी, रागनी, दिव्या, सारिका, साक्षी आदि समस्त स्टाफ् की सक्रिय सहभागिता देखी गयी, कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन मंत्री डॉ एलसी जैन ने किया तथा आभार प्राधन अध्यापिका दीपा जैन ने किया।

हटा थाना पुलिस की सफलता

घर से लापता किशोर बंडा से सकुशल दस्तयाब

, दमोह/हटा देशबन्धु। विगत 15 अगस्त को हटा थाना क्षेत्र के लुहारी गांव से लापता हुए किशोर को हटा थाना पुलिस ने सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के निर्देश,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सन्दीप मिश्रा और अनुविभागीय अधिकारी हटा पुलिस नीतेश पटेल के नेतृत्व में एएसआई शत्रुघ्न दुबे ने पुलिस टीम और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की मदद से धर्मेंद्र पिता रामलाल रजक उम्र 16 वर्ष को बंडा जिला सागर से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। बताया जा रहा किशोर घर से बिना बताए लापता हो गया था,परिजनों की सूचना पर पुलिस ने गुमइंसान प्रकरण दर्ज कर तलाशी के लिए टीम गठित की थी,जिसमे आरक्षक राजेन्द्र और आरक्षक दीपक

का भी सराहनीय योगदान रहा।

पुराना इंदौर-भोपाल राजमार्ग दूधिया रोशनी से दमक उठा

आष्टा, देशबन्धु। शहर अब दूधिया रोशनी से चमकने लगा है इसके लिए नगर पालिका द्वारा शहर के मुख्य मार्ग पुराना इंदौर-भोपाल पर लगे विद्युत पोलों एलईडी लाइट लगाने के साथ ही दूधिया रोशनी से जगमग हुआ है। इस कार्य का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षदगण कमलेश जैन, डॉ. सलीम, जाहिद गुड्डू, रवि शर्मा, अतीक कुरैशी, तेजपाल मुकाती, मेहमूद अंसारी, तेजसिंह राठौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सीएमओ राजेश सक्सेना, उपयंत्री आयूषी भावसार और नपा के विद्युत अमले का धन्यवाद दिया और कहा कि यह मार्ग नगर का मुख्य मार्ग है हर कभी अंधेरा रहता था, उच्च गुणवत्ता की एलईडी के लगने से अब अंधेरा तो मुक्त हुआ है, वहीं राहगीरों की राह भी आसान हुई है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि मस्जिद के समीप से लेकर दरगाह तक सभी विद्युत पोलों पर एलईडी लाईट लगाई गई है। इस अवसर पर सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, आदित्य तलनीकर, मोहम्मद इसरार, रमेश यादव, सर्वेश भट्नागर, आशीष बैरागी, समर अली, अभिषेक कुशवाह, लाड़सिंह ठाकुर, राकेश आदि मौजूद थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

भोपाल उत्तर से आलोक, धुवनारायण.... भाजपा ने इंदौर जिले के सांवेर से पूर्व विधायक राजेश सोनकर, पूर्व मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ की सीट महेश्वर, जिला खरगोन से राजकुमार मेव, कांग्रेस के दिवंगत नेता सुभाष यादव के पुत्र एवं पूर्व मंत्री सचिन यादव की सीट कसरावद जिला खरगोन से आत्माराम पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के प्रमुख आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया की सीट झाबुआ से भानु भूरिया, पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह बघेल की सीट कुक्षी जिला धार से जयदीप पटेल, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जीतू पटवारी की सीट राऊ जिला इंदौर से मधु वर्मा को भाजपा ने उम्मीदवार घोषित किया है। बसपा विधायक रामबाई की सीट पथरिया जिला दमोह से भाजपा ने लखन पटेल को उम्मीदवार घोषित किया है।

शिवराज प्रतिभाशाली विद्यार्थियों.... योजना का महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान 23 अगस्त को शहडोल जिले में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसी दिन दमोह में महिला सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान 24 अगस्त को छिंदवाड़ा में हनुमान लोक परियोजना का भूमि पूजन करेंगे। इसके साथ ही रोजगार दिवस एवं महिला सम्मेलन का कार्यक्रम भी रहेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान इसी दिन बैतूल जिले में मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना के अंतर्गत सामग्री वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान 25 अगस्त को जबलपुर में महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे एवं सुराज कॉलोनी का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज समत्व भवन से वीसी द्वारा संबंधित जिलों के कलेक्टर्स से इन सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा कर निर्देश दिए।

दलित नपा कर्मचारी को दबंग ने पीटा, पुलिस ने किया मामला दर्ज

मुरैना, देशबन्धु। जिले के कैलारस थाना क्षेत्र में नगर पालिका परिषद प्रांगण में एक सफाई कर्मचारी की दबंग आरोपी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है।

बताया जाता है कि सफाई कर्मचारी राजकुमार बाल्मिक निवासी बाल्मिक मोहल्ला कैलारस बुधवार की शाम नगर पालिका कार्यालय में कम कर रहा था, तभी आरोपी रामजी सिकरवार ने जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट की, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर से एससी एसटी एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है।

महिला ने फांसी लगाई, पुलिस मामले की जांच में जुटी

मुरैना, देशबन्धु। जिले के देवगढ़ थाना स्थित ग्राम तोर एक महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंजू देवी पत्नी दीपेंद्र धोबी 22 वर्ष निवासी ग्राम तोर ने 16 अगस्त से पूर्व घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका ने आत्महत्या किन कारणों के चलते कि फिलहाल ज्ञात नहीं हुआ है। देवगढ़ थाना पुलिस ने रामअवतार धोबी की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मेरी माटी मेरा देश अभियान में निकाली तिरंगा बाईक रैली

सारनी, देशबन्धु। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा 16 अगस्त से 18 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को नगर पालिका द्वारा तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि पाथाखेड़ा के अटल बिहारी वाजपयी स्टेडियम से बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली को नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह, पार्षद योगेश बर्डे,गणेश मस्की,मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली न्यू मार्केट,मस्जिद चौक,नपा क्षेत्रीय कार्यालय होते हुए एक्यूप्रेशर पार्क तक पहुंची। यहां समापन किया गया। इस मौके पर उपयंत्री रविंद्र वराठे, कमलेश पटेल सेनेटरी इस्पेक्टर केके भावसार, राजेश पटैया,सुखदेव बोरहपी घनश्याम पांडे, दिलीप भालेराव,राजेश बगाहे,गुरूस्वामी एरूलू, शिवम डेहरिया,सुनील यादव,राजेश वागदे, लक्ष्मण पंडाग्रे हरेंद्र भारती,ललित सोना के अलावा अन्य लोग मौजूद थे। मेश्राम ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत 17 अगस्त को सुबह 11 बजे से साइकिल रैली का आयोजन किया गया है।

आजादी के वीरों से प्रेरणा लेकर किया रक्तदान

बैतूल, देशबन्धु। आजादी के लिए कई वीरों ने अपना लहु बहा दिया। उनसे प्रेरणा लेकर जिला चिकित्सालय बैतूल में चोपना से आए हुए मरीज को बी नेगेटिव ब्लड ग्रुप की आवश्यकता थी। जिस पर समाजसेवी आकाश लोखंडे के द्वारा शैलेंद्र बिहारिया भाजयुमों गंज मंडल उपाध्यक्ष सतीश अमरुते जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र कुंभारे के आग्रह पर नागपुर से आकर ब्लड डोनेट किया। उल्लेखनीय है कि बी नेगेटिव ब्लड ग्रुप बहुत ही रेयर ग्रुप माना जाता है।

मरीज दो दिवस से जिला चिकित्सालय में भर्ती है ब्लड की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। इस अवसर पर श्री वंजारे द्वारा जिला चिकित्सालय में कार्यरत सक्योरिटी गार्ड महिला द्वारा भी स्वतंत्रता के अवसर पर रक्तदान किया गया। आकाश लोखंडे जो कि 21 बार रक्तदान कर चुके हैं। इस अवसर पर है हॉस्पिटल स्टाफ सहित समाजसेवी राजेश बोरखडे मौजूद थे।

मंत्री भूपेंद्र सिंह ने स्व पं. कृष्णचंद्र शर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया

खुरई हफ्ते भर में वाई फाई फ्री होगी, सौ करोड़ से पं के.सी शर्मा स्कूल का नवनिर्माण होगा

खुरई, देशबन्धु। एक हफ्ते में खुरई नगर में फ्री वाई फाई सेवा आरंभ हो जाएगी। पं केसी शर्मा हायर सेकंडरी स्कूल परिसर का सौ करोड़ की लागत से पुनर्निर्माण किया जाएगा। निर्तला रोड पर दस एकड़ भूमि पर औद्योगिक कांप्लेक्स का भूमिपूजन होगा। ललिता शास्त्री स्कूल में एक करोड़ की लागत से प्रेयर हाल बनाया जाएगा। यह घोषणा यहां मंत्री भूपेंद्र सिंह ने स्व. पं कृष्ण चंद शर्मा की 15 लाख की लागत से निर्मित प्रतिमा का अनावरण करते हुए की। इसके साथ मंत्री श्री सिंह ने बस स्टैंड परिसर में 40 लाख की लागत से विस्थापितों के लिए निर्मित दुकानों का लोकार्पण किया। श्री सिंह ने पं कृष्ण चंद्र शर्मा स्कूल प्रांगण में प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्व केसी शर्मा जी का खुरई के निर्माण में योगदान स्वर्णाक्षरों में लिखने योग्य है। उन्होंने गरीबों की मदद और कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। अपनी लोकप्रियता के कारण ही पं शर्मा 35 सालों तक खुरई नगरपालिका के अध्यक्ष रहे। तत्कालीन सीपी एंड बरार प्रदेश में खुरई से पहले विधायक रहे। मंत्री श्री सिंह ने बताया कि पं शर्मा ने खुरई का सबसे बड़ा स्कूल बनाने और अनेक संस्थाओं के निर्माण के लिए अपनी निजी भूमि दान में दे दीं। ऐसे दानवीर शिक्षाविद जिन्होंने खुरई के लिए सब कुछ किया उनकी प्रतिमा लगाने का सौभाग्य और गौरव मुझे मिला है, मैं स्वयं को धन्य महसूस कर रहा हूं। खुरई के छात्र छात्राओं से किए गए वायदे के अनुसार एक हफ्ते के भीतर खुरई में फ्री वाई फाई सेवा शुरू हो जाएगी। इसके लिए इंजीनियरों ने पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर बना लिया है। श्री सिंह ने पुराने हनुमान जी मंदिर की समिति की मांग पर इस मंदिर के पुनर्निर्माण की स्वीकृति दी और समारोह के पश्चात मंदिर के दर्शन कर वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया। समारोह में उपस्थित सैकड़ों छात्र छात्राओं से कहा कि आने वाले चंद वर्षों में खुरई में यूनिवर्सिटी, मेडीकल कालेज और लॉ कालेज भी होंगे। मौजूदा एग्रीकल्चर कालेज की बिल्डिंग बनने का काम शुरू हो चुका है। खुरई पालीटेक्निक कालेज को नये व्यावसायिक कोर्स शुरू करने के लिए 7 करोड़ रुपए स्वीकृत कराए गए हैं। बीना में शीघ्र ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 50 हजार करोड़ की लागत से पेट्रो केमिकल प्लांट के भूमिपूजन के लिए आ रहे हैं। इससे जुड़ी हजारों इन्सलरी यूनिट लग सकेंगी और आने वाले दो वर्षों में उद्योगों की अपार संभावनाएं खुरई व बीना विधानसभा क्षेत्रों सहित आसपास के पूरे अंचल के लिए उपलब्ध होंगी। इसके लिए शासन ने 1000 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई है। श्री सिंह ने बस स्टैंड परिसर की दुकानों की प्रीमियम राशि को घटा कर दो लाख रुपए किया जो तीन वर्षों की आसान किश्तों में देय होगी। साथ ही यह भी कहा कि विस्थापितों को पहली प्राथमिकता से दुकानें दी जाएंगी ताकि कोई बेरोजगार न हो सके।

3 करोड़ की लागत से सड़क चौड़ीकरण व डिवाईडर निर्माण का भूमिपूजन

मंत्री श्री सिंह ने 3 करोड़ की लागत से सागर नाका से केके पैलेस सागर नाका रोड पर सड़क चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने यहां कहा कि उन्होंने खुरई की सभी सड़कों को डिवाइडर युक्त टू लाइन में परिवर्तित करने के लिए 80 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। यह भूमिपूजन इस श्रंखला के पहले कार्य का भूमिपूजन है। पं केसी शर्मा हायर सेकंडरी स्कूल की छात्राओं के देशभक्ति व बालिका सशक्तिकरण पर आधारित दो नृत्य कार्यक्रमों को देखा और इन छात्राओं को 11 हजार व 5 हजार रुपए की नगद प्रोत्साहन राशि दी। खुरई में संपन्न हुई कबड्डी स्पर्धा में विजेता टीमों खिरिया कलां स्कूल, धनौरा स्कूल, ज्ञानोदय स्कूल खुरई व महाकाल कबड्डी टीम खुरई को 15 हजार व 11 हजार की नगद राशि व शील्ड से पुरस्कृत किया।

डेयरी परियोजना स्थल हफसिली पर हर संभव सहयोग पशुपालकों को दिया जा रहा: निगमायुक्त

सागर, देशबन्धु। निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने स्मार्ट सिटी कार्यालय में पशुपालक संघ के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उन्हें हर सम्भव सहयोग देने हेतु आश्वासन दिया। उन्होंने पशुपालक संघ के प्रतिनिधियों की मांग पर सागर के राहतगढ़ बस स्टेंड ब्रिज के पास लगाई जा रही साप्ताहिक पशु मंडी को हफसिली स्थित डेयरी विस्थापन स्थल पर विस्थापित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा की सागर नगर पालिक निगम क्षेत्र पशु विचरण मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया है। इसे पूरी तरह लागू करने में पशु मंडी का शहर से बाहर शिफ्ट होना महत्वपूर्ण होगा। पशु मंडी डेयरी विस्थापन स्थल पर ही होने से पशु पालकों को भी सहूलियत होगी और वे सहजता से पशुओं की खरीदी बिक्री कर सकेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा की भूसा खरीदी बिक्री केंद्र का संचालन भी पशु पालक संघ के माध्यम से किया जायेगा। इस दौरान पशुपालक संघ प्रतिनिधियों में अध्यक्ष मुकेश पांडे, विनोद घोषी, सुलभ कटारे, निक्की घोषी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सार-समाचार

लाइब्रेरी साइंस के अभिनय को मिला स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड

सागर, देशबन्धु। डॉ. हरीसिंह गौर विवि के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के शोध छात्र अभिनय श्रोती को कमला श्रीवास्तव मेमोरियल स्टूडेंट ऑफ द ईयर प्रदान किया गया। मप्र लाइब्रेरी एसोसिएशन एवं पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग रानी दुर्गावती विवि जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में लाइब्रेरी ऑटोमेशन एवं रिसर्च सपोर्ट टूल्स फार एकेडमिक कम्यूनिटी विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में यह अवार्ड प्रदान किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. अखिलेश पांडेय कुलपति विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन एवं अध्यक्षता डॉ. कपिल देव मिश्रा ने की। कार्यशाला के दौरान मप्र लाइब्रेरी एसोसिएशन के वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन विज्ञान भवन में किया गया एवं इस दौरान वर्ष 2023 में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुस्तकालयविदों का भी सम्मान किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर विभाग के शिक्षकों एवं सहपाठियों ने बधाई दी।

17 थानों में नए प्रभारियों की आमद

सागर, देशबन्धु। जिले में पदस्थ निरीक्षक और कार्यवाहक निरीक्षकों के तबादले किए गए थे। जिसके बाद जिले में नए निरीक्षकों ने आमद दी है। नए निरीक्षक व कार्यवाहक निरीक्षकों के आने के बाद एसपी अभिषेक तिवारी ने उन्हें शहर समेत जिले के अलग-अलग थानों की कमान सौंपी गई है। शहर के कोतवाली थाना की कमान निरीक्षक नवीन कुमार जैन और मोतीनगर थाना की जिम्मेदारी संधीर चौधरी को सौंपी गई है। इसके अलावा निरीक्षक मनीष त्रिपाठी कैंट थाना, गोपालगंज थाना में अजय प्रकाश सारवान, सिविल लाइन थाना में अर्चना सिंह जाट और मकरोनिया थाने में थाना प्रभारी के रूप में नरेंद्र सिंह गौंड को भेजा गया है। ग्रामीण क्षेत्र के बीना थाना प्रभारी के रूप में भरत सिंह ठाकुर, आगासौद थाना में कर्णी सिंह शक्तावत, खिमलासा थाना में मोहन सिंह मर्सकोले, खुरई शहर थाना में शशि विश्वकर्मा, मालथौन थाना में योगेंद्र सिंह दांगी, बांदरी थाना में सुमेर सिंह जगेत, देवरी पुलिस थाना में रोहित डोंगरे, केसली थाना में अजय कुमार बैगा, बंडा थाना में नासिर अहमद फारूकी को थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं महिला पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक मैना पटेल और अजाक थाना प्रभारी के रूप में निरीक्षक रावेंद्र सिंह चौहान को पदस्थ किया गया है।

पीट-पीटकर की युवक की हत्या

सागर, देशबन्धु। बंडा थाना क्षेत्र के ग्राम हनौता पटकुई के पास खेत में बने मकान में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक को आरोपियों ने बात करने के बहाने सागर से गांव बुलाया था। वह तीन दोस्तों के साथ पहुंचा तो घर में घेरकर आरोपियों ने डंडों से पीटा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गुरुवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं वारदात में बंडा पुलिस ने एक महिला समेत 9 आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। हत्या के पीछे का कारण आरोपियों के परिवार की महिला से मृतक के अवैध संबंध होना बताया जा रहा है। एडिशनल एसपी डॉ. संजीव कुमार उईके ने बताया कि ग्राम हनौता पटकुई और छापरी के बीच खेतों में मकान हैं। जहां चरण सिंह दांगी परिवार के साथ रहता है। उसने बुधवार को राहुल सोनी उम्र 38 साल निवासी बाघराज वार्ड सागर को फोन करके बात करने के लिए घर बुलाया था। जिस पर राहुल सोनी अपने तीन दोस्तों के साथ चरणसिंह के घर हनौता पटकुई पहुंचा। जहां आरोपियों ने 500 रुपए देकर राहुल के दो दोस्तों को शराब लेने के लिए भेज दिया। जिसके बाद राहुल सोनी और उसका दोस्त अभिषेक रैकवार घर में बैठे थे। पानी और चाय पी। कुछ ही देर बाद 9 आरोपियों ने राहुल और अभिषेक पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने दोनों की जमकर पिटाई की। मारपीट में गंभीर चोटे लगने से राहुल सोनी की मौके पर मौत हो गई। वहीं अभिषेक मौके से जान बचाकर भाग आया। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। मृतक के घायल दोस्त अभिषेक रैकवार ने बताया कि बुधवार रात राहुल सोनी के साथ हनौता पटकुई चरणसिंह के घर गया था। वहां हम बैठे थे। हमारे दो दोस्तों को आरोपियों ने शराब लेने के लिए भेज दिया। इसी दौरान 8 से 9 आरोपी घर के अंदर से आए और मारपीट करने लगे। उनके हाथों में डंडे और कुल्हाड़ी थी। चरण सिंह कह रहा था कि अमित इसको जिंदा नहीं छोड़ना है। उन्होंने हम दोनों को बहुत मारा। मैं जैसे तैसे वहां से भाग गया। लेकिन उन्होंने राहुल को मार दिया। घायल अभिषेक ने बताया कि राहुल सोनी की चरणसिंह के घर की महिला से बात होती थी। वह रोज बात करते थे। जिसको लेकर उनके बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते चरणसिंह ने फोन लगाकर राहुल को घर बुलाया था। एडिशनल एसपी डॉ. संजीव उईके ने बताया कि हत्या के प्रकरण में महिला समेत 9 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। वारदात के बाद से आरोपी फरार हैं। जिनकी तलाश में पुलिस टीमें अलग-अलग स्थानों पर दबिश दे रही हैं। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वारदात के हर पहलू पर जांच की जा रही है। घटना की जानकारी लगने पर बंडा एसडीओपी शिखा सोनी, एसआई अरविंद सिंह, धनेंद्र सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे की सभा को सफल बनाने के लिए तैयारी बैठक संपन्न

सागर, देशबन्धु। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की आगामी 22 अगस्त को कजलीवन मैदान में आमसभा का आयोजन होने जा रहा हैं। इस सन्दर्भ में तैयारी बैठक का आयोजन अम्बेडकर धर्मशाला, गुरुगोविन्द सिंह वार्ड में स्थानीय पार्षद शशि जाटव एवं सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष महेश जाटव द्वारा किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं होने बाली आमसभा के प्रभारी लखन घनघोरिया रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा की पंद्रह माह की सरकार में लगभग 75 हजार शादियों में 51-51 हजार रूपये दिए, कमलनाथ ने जनता से रिश्ते निभाए। आने बाले चुनाव में जनता को पांच गारंटी दी जिससे एक एक परिवार को 25 हजार की बचत होंगी। खरगे जी अनुसूचित जाति वर्ग से आते है देश कि सबसे सम्मानित राजनैतिक दल कांग्रेस के अध्यक्ष है, उनका आगमन बुंदेलखंड का सम्मान है। जिलाध्यक्ष शहर राजकुमार पचौरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे कि मप्र में पहली सभा सागर में होने जा रहीं है, आमसभा को सभी को मिलकर सफल बनाना है। डॉ. आनंद अहिरवार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा हरेक वर्ग को आगे बढ़ाया है। आमसभा को लेकर सभी वर्गों में अच्छा उत्साह है। इस अवसर पर बडी संख्या मे कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

दुष्कर्म पीड़ित ने किया खुदकुशी का प्रयास

खुरई, देशबन्धु। गढ़ौला जागीर गांव में अप्राकृतिक दुष्कर्म के मामले में राजीनामा को लेकर प्रताड़ना से परेशान 13 वर्षीय बच्चे ने कीटनाशक खा लिया। उसे जिला अस्पताल सागर रेफर किया गया है। खुरई देहात थाना क्षेत्र के गढ़ौला जागीर गांव में एक 13 वर्षीय बच्चे ने गांव के एक आरोपी की प्रताड़ना से परेशान होकर कीटनाशक खाकर अत्महत्या का प्रयास किया है। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। 2018 में गढ़ौला जागीर के चाली खंगार नाम के एक 23 वर्षीय युवक ने उस समय 8 वर्षीय बच्चे के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया था। इसका मामला कोर्ट में चल रहा है। आरोपी चाली आए दिन पीड़ित बच्चे को स्कूल से आते जाते समय मारपीट कर गाली गलौच करता है। जान से मारने की धमकी देता था। इस बात की शिकायत बच्चे और उसके पिता ने कई बार पुलिस अधिकारियों से की। थाना प्रभारी, एसडीओपी सहित एसपी को कई आवेदन देने के बाद भी आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। बच्चा आरोपी के परेशान करने का वीडियो बना रहा था तो मारपीट कर मोबाइल तोड़ दिया था। बार-बार की प्रताड़ना से परेशान होकर बच्चे ने गुरुवार को आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज कर तलाश प्रारंभ कर दी है। पीड़ित के पिता ने बताया कि 5 साल पहले उसके बच्चे के साथ आरोपी ने अप्राकृतिक दुष्कर्म किया था। इसके बाद से ही आरोपी बच्चे के साथ मारपीट करता है। डर के कारण बालक स्कूल नहीं जा पा रहा है। देहात थाना प्रभारी नितिन पाल ने बताया कि जानकारी मिली थी कि एक बालक ने कुछ संदिग्ध पदार्थ खा लिया है। इसके बाद अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि कोई पुराना मामला है। जिसमें आरोपी राजीनामा करने का दवाब बना रहा था। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पाश्चात्य संस्कृति के अनुरूप वस्त्र घर में दरिद्रता एवं मन में विकार लाते हैं: मुनिश्री

मकरोनिया, देशबन्धु। वेशभूषा से नारी नर की पहचान होती है। आज भारतीय संस्कृति के अनुरूप पहनावा छोड़कर महिलाएं आधुनिक फैशन युक्त पाश्चात्य संस्कृति अनुरूप वस्त्र पहनने लगी हैं यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कटे फटे वस्त्र घरों में दरिद्रता लाते हैं और दूसरों में विकार उत्पन्न कर सील दोष का बंध करके ब्रह्मचर्य में दोष लगाते हैं। नारी एवं बालिकाओं को हमेशा साड़ी और सलवार सूट पहनने की प्रेरणा दी जानी चाहिए। परंतु आज नारी साड़ी को छोड़कर सलवार सूट, बालिकाये सलवार सूट को छोड़कर जींस टॉप, टीशर्ट पहन रही है जो उसकी स्वयं की संस्कृति के अनुरूप नहीं है और दूसरों के मन में विकृति उत्पन्न करने वाला है। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कि जो देता है वह दाता है और जो ग्रहण करता है वह पात्र कहलाता है। ग्रहस्थ श्रावक, स्त्री पुरुष, बालक बालिका सभी दाता है और मुनि आर्यिका श्रावक श्राविका सभी पात्र हैं। उन्होंने कहा 46 दोषो को टालकर कुलीन श्रावक के यहां शुद्ध आहार करना ऐषणा समिति है। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया की मंगल कलश पुण्यार्जक परिवारों का मंदिर कमेटी द्वारा सम्मान किया गया।

10 भैसें शहर से बाहर शिफ्ट की

सागर, देशबन्धु। सहा. आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में मोहननगर वार्ड से 10 पशु नगर निगम के वाहन द्वारा शहर से बाहर शिफ्ट किये गये। इसके अलावा नगर निगम की टीम द्वारा विभिन्न वार्डों में शेष रह गई डेयरी संचालकों को अपने पशुओं को जल्दी से जल्दी घर से बाहर शिफ्ट करने की समझाईश दी। राजेश सिंह राजपूत ने बताया कि डेयरी विस्थापन की कार्यवाही में मोहननगर वार्ड में परमानंद साहू की 10 भैसों को बम्होरी गांव में नगर निगम के वाहन द्वारा शिफ्ट किया गया। बारिश होने के कारण डेयरी विस्थापन कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न होने से अन्य वार्डो की डेयरियां शहर से बाहर शिफ्ट नहीं की जा सकीं। कार्यवाही के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

लोक सेवा केंद्र घुवारा जिला छतरपुर
स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
देवेंद्र विश्वकर्मा संचालक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित कुमार जैन संरक्षक
इब्राहीम खान संचालक
देवेंद्र असाटी व्यवस्थापक
गुरुकुल आदर्श शिक्षा स्कूल घुवारा

कार्यालय नगर पंचायत बड़ामलेहरा
स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती निशा राजे बुन्देला अध्यक्ष
उमाशंकर मिश्रा सीएमओ
अपील
नगर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
समस्त करों का समय पर भुगतान करें।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
करुणेन्द्र प्रताप सिंह अध्यक्ष
रामविशाल पटैरिया सीईओ
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छतरपुर

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कम्पोटिव शराब दुकान घुवारा जिला छतरपुर
सुनीता दिनेश राय दिनेश राय

कार्यालय तहसील घुवारा
स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती ऋतु सिंघई तहसीलदार घुवारा
शिव पुरोहित गौतम नायब तहसीलदार
सतीश त्रिवेदी, रामप्रसाद खरे, रोहित बाजपेई एवं राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज राय आबकारी ठेकेदार नौगांव

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नगीना बानो पार्षद, वार्ड 11, न.प. घुवारा
इस्माईल खान
रामसिया भारती पूर्व प्रत्याशी बड़ामलेहरा

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, कार्यकारी संपादक: ज़ाकिर अली* प्रबंध संपादक डॉ. योगेश दत्त तिवारी फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।